दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 52 | सीकर, रविवार 19 अप्रैल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ, माफी मांगता हूं : पीएम

### विपक्ष ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महिला आरक्षण पर देश को 30 मिनट संबोधित किया। उन्होंने कहा, इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं।

उन्होंने कहा, मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है। तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी। लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। इस बिल में लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करने और महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रस्ताव था।



### पीएम ने कहा- कल हमारे पास संख्याबल नहीं था लेकिन हम हारे नहीं है

पीएम ने कहा- ये लड़ाई सिर्फ एक कानून की नहीं है। उनकी हमेशा निगेटिविटी सामने आ जाती है। देश की बहनें-बेटियां कांग्रेस की मानिसिकता का करारा जवाब देकर रहेंगी। कुछ लोग महिलाओं के सपने टूटने को सरकार की नाकामयबी बता रहे हैं। ये क्रेडिट का सवाल नहीं था। मैंने संसद में भी कहा था कि आप क्रेडिट ले लो। लेकिन महिलाओं को दकियानूसी सोच से देखने वानले अपने झूठ पर अड़े रहे।

पीएम ने कहा- नारी शक्ति को अधिकारी दिलाने की लड़ाई दशकों से चल रही है। कितनी बहनों ने पत्र के जरिए मुझे सारी बातें बताई है। मैं जानता हूं महिलाएं दुखी हैं। मैं भी आपके दुख में दुखी हूं। आज भले ही बिल पास कराने के लिए जरूरी 66% वोट न मिला हो लेकिन मैं जानता हूं देश की 100% नारी शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है।

प्रधानमंत्री ने कहा- हम महिला आरक्षण के रास्ते आने वाली हर रुकावट को हटाकर रहेंगे। हमारी हिम्मत अटूट है। हमारा इरादा अडिग है। इस बिल का विरोध करने वाली पार्टियां संसद में महिलाओं की भागीदारी से रोक नहीं पाएगी। बस वक्त का इंतजार है।

कल हमारे पास संख्याबल नहीं था। इसका मतलब यह नहीं कि हम हार गए। हमारा प्रयास रुकेगा नहीं। हमारे पास आगे और मौके आएंगे। हमें आधी आबादी के सपनों के लिए देश के भविष्य के लिए इस संकल्प को पूरा करना ही है।

### पीएम ने कहा- विपक्ष ने जश्न मनाया, मेजें थपथपाईं

**महिलाओं के सपने को कुचल दिया:** आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया।

**विपक्ष ने मेजें थपथपाईं :** कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे।

**नारी अपमान नहीं भूलती:** कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्म सम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाईं थीं।

**परिवारवादी पार्टियां डर गईं:** ये महिलाएं देश की सेवा करना चाहती है। लेकिन परिवारवादियों के भीतर उनसे असुरक्षा की भावना बैठी है। परिसीमन के बाद महिलाओं का कद बढ़ता इसलिए उन्होंने बिल का विरोध किया। देश की नारी शक्ति कांग्रेस और उसके साथी दलों के लिए पाप के लिए माफ नहीं करेगी। कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन पर लगातार झूठ बोल रहे हैं। ये इस बहाने विभाजन की आग को सुलगाना चाहते हैं।

**विपक्ष हमेशा से कुतर्क गढ़ता है:** कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है।

**विपक्ष को उसके पाप की सजा जरूर मिलेगी:** कल नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फॉर ग्रांटेड ले रहे हैं। वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी है।

**विपक्ष हमेशा से कुतर्क गढ़ता है:** कांग्रेस, सपा, डीएमके और टीएमसी हर बार वही बहाने, वही कुतर्क गढ़ते आए हैं। कोई न कोई तकनीकी पेच फंसाकर ये महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालते रहे हैं। देश राजनीति का यह भद्दा पैटर्न बराबर समझ चुका है।

## आरएएस परीक्षा में राघव ने पाई सफलता



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आरएएस परीक्षा के परिणाम में सुजानगढ़ के राघव जैसनसरिया पुत्र सुनील जैसनसरिया व नेहा जैसनसरिया ने 215वीं रैंक हासिल की है। राघव की सफलता पर उसके परिवारजनों ने मुंह मीठा करवाकर, राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान नाना परमानंद मंगलुनिया, ललिता मंगलूनिया, मामा अनूप मंगलूनिया, महावीर माली ने भी उसका स्वागत किया। राघव ने बताया कि यह उसका दूसरा प्रयास था। पहले प्रयास में 975वीं रैंक आई थी। वहीं अब उसने 215वीं रैंक हासिल की है।

## शनि धाम नवग्रह मंदिर में अखंड पाठ की पूर्णाहुति

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के जनता स्टोर स्थित सिद्ध पीठ शनि धाम नवग्रह मंदिर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से वैशाख शुक्ल प्रतिपदा तक चल रहे श्रीरामचरितमानस के मासिक अखंड पाठ की विधिवत पूर्णाहुति की गई। कार्यक्रम महंत पंडित शंकर लाल शर्मा के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। पूर्णाहुति के अवसर पर भगवान शनि महाराज की विशेष फूल बंगला झांकी सजाई गई, जिसमें लड्डुओं का आकर्षक भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुतियां दीं और सुख-समृद्धि की कामना की। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्त शामिल हुए। इसके बाद पंगत प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार इस धार्मिक आयोजन ने भक्तों में आस्था और उत्साह का वातावरण बनाया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली।

## संगठन बढाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन बढ़ाओं लोकतंत्र बचाओ अभियान के अंतर्गत शुक्रवार देर शाम नगर कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक मनोज मेघवाल, संगठन प्रभारी दिनेश कस्वां ने संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान व आगामी नगर पालिका व ग्राम पंचायतों के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की तथा संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में निवर्तमान पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, गिरधारी मेहला, भागीरथ गुरु, किसान नेता पूनाराम गढ़वाल, जवाहर सिंह राठौड़, नंदलाल छापोला, हनुमान मनिहारी, गोपाल गुर्जर, हनुमान माल रेगर, पन्नालाल मेघवाल, रामपाल पाण्डिया, नानूराम प्रजापत, अफजल हुसैन सलामपुरिया, मास्टर कटार सिंह, आरिफ साईं, बाबूलाल मेघवाल, सोहेल सोलंकी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आज निकलेगी शोभायात्रा

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** भगवान श्रीपरशुराम जन्मोत्सव समितिश्रीमाधोपुर की ओर से बताया गया है कि रविवार को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस हेतु एक कमेटी का गठन गत बैठक में किया गया। जिसमें संरक्षक कैलाश सारस्वत, संयोजक ओमप्रकाश पचोरी, सह सयोजक मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष माणक चंद तिवाड़ी, सह कोषाध्यक्ष उमाशंकर गोठवाल, प्रवक्ता सोनू गोठवाल को बनाया गया। कार्यक्रम अनुसार 16 अप्रैल को शाम 7 बजे चौपड़ बाजार में शंखनाद एवं दीपदान, 18 अप्रैल को श्रीगौड़ विप्र परिषद भवन में शाम 5 से 7 बजे विप्र समाज विचार संगोष्ठी तत्पश्चात हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसी क्रम में रविवार को सुबह 5 बजे प्रभात फेरी, 8 बजे तीजा वाला जोहड़ा में श्रीपरशुराम भगवान की पूजा अर्चना, 10 बजे हवन पूजन, 3:30 बजे भगवान परशुराम की शोभायात्रा, शाम 7 बजे श्रीरघुनाथ मंदिर के सामने भगवान परशुराम की शोभायात्रा का समापन किया जाएगा। विप्र समाज ने सभी विप्रजनों से आग्रह किया गया है कि वे कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में पधारकार कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने में अपना योगदान देंवे।

## मंत्री बाघमार ने किए श्याम बाबा के दर्शन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के खाटूश्यामजी कस्बे में स्थित प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में महिला एवं बाल विकास विभाग राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। दर्शन के दौरान श्याम मंदिर कमेटी के ट्रस्टी इंद्र सिंह चौहान ने उन्हें श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खाटूश्यामजी के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है तथा भविष्य में भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी। खाटूश्यामजी पहुंचने पर थानाधिकारी पवन चौबे के नेतृत्व में पटवारी रोहिताश्व सेपट ने उनकी अगवानी की।

## ओलंपियाड्स में पदक विजेता विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस लोटस वैली जूनियर विंग में वर्ल्ड हेरिटेज डे का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 2 से 5वीं तक के विद्यार्थियों ने वर्ल्ड हेरिटेज थीम पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की जिनमें फोक डांस, फ्यूजन डांस व प्रभावशाली भाषण शामिल रहे। इस अवसर पर इंडियन टैलेंट लिटिल चैंप ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 17 विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, कॉर्डिनेटर्स सहित समस्त स्टाफमेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गौभक्त बलबीर बुगालिया ने की गौ सवामणी

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव स्थित पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला में शनिवार को समाजसेवी बलबीर बुगालिया द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ गौ सवामणी का आयोजन किया गया। विजयपाल सिंह ने बताया कि इस मौके पर गोमाताओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर हरा चाराए गुड़ व दलिया खिलाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों व गौभक्तों ने भाग लेकर गोसेवा का पुण्य लाभ लिया। भजन-कीर्तन के साथ पूरे



वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। उपस्थित लोगों ने गोशाला के विकास और गोसेवा के महत्व पर भी चर्चा की। इस अवसर पर अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया ने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है और हर व्यक्ति को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। गोशाला समिति के पदाधिकारियों ने बुगालिया का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से गोशाला को सहयोग मिलता है और समाज में सेवा की भावना मजबूत होती है।

## आशा काजला को भूगोल फर्स्ट ग्रेड स्कूल लेक्चरर में ऑल राजस्थान 79 वीं रैंक

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** हाल ही में जारी फर्स्ट ग्रेड स्कूल लेक्चरर फाइनल परिणाम में श्रीमाधोपुर की मेधावी व प्रतिभाशाली छात्रा आशा काजला निवासी दुल्हेपुरा खंडेला ने भूगोल विषय ऑल राजस्थान में 79 में रैंक प्राप्त की है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने



माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। विनायक क्लासेज के निर्देशक संयोग भावरिया ने बताया कि आशा काजला ने भूगोल विषय में 79 वीं रैंक प्राप्त कर माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विनायक क्लासेज के समस्त गुरुजनों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। विनायक क्लासेज में 2026 के साल में सफलताओं का सिलसिला लगातार अनवरत जारी है। एमडी राकेश सर ने इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भजन संध्या का आनंद

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती कस्बे छापर में समाजसेवी स्व. रमेश कुमार रूहील की स्मृति में वार्ड नंबर 1 में आयोजित भजन संध्या में सैंकड़ों की संख्या में लोगों व क्षेत्र के साधु संतों ने शिरकत की। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष शिवप्रसाद जाट ने बताया कि भजन संध्या में झारिया धाम चुरू के संत आकाश नाथ महाराज एवं उनके साथ पधारे साधु संतों एवं कलाकारों ने शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी। नाथ संप्रदाय के संतो के भजनों के साथ भक्तगण झूम-झूम कर नाचने गाने लगे। आकाश नाथ महाराज के मुख्य भजनों में जगदंबा स्तुति और नाथ पंथी वाणी शामिल रहे। अतिथियों ने समाजसेवी स्वर्गीय रूहिल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान खेताराम रूहील, करणाराम रूहील, पन्नालाल रूहील, दिनेश जाट, हितेश जाखड़, भागीरथ बिजारणियां, मुनाराम डूडी, रमन चौधरी, बंसी




डूडी, आलोक घिंटाला, राजू डूडी, पीथाराम ज्याणी, डूंगर ढाका, रेखाराम गोदारा, त्रिलोक किलका, श्याम बाबू, अशोक जाखड़, रूकमानंद माली, प्रेम तंवर, राजकुमार स्वामी, सुमित शर्मा, नारायण रतावा, बजरंग जाट माली, ओमप्रकाश जाट माली, मोहन मंडा, रमेश सुथार, मोहन प्रजापत, अनवर खां, जाकिर राजस्थानी, पुरूषोतम सुरेखा, पूर्व चैयरमैन श्रवण माली, बाबूलाल माली, नोरंगलाल ज्याणी, डूंगर ज्याणी, चतर कड़वासरा, गजानंद स्वामी, जयराम जांगिड़, प्रकाश दर्जी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कोबरी-सार



# सफाई सेवा मैराथन : जलमहल की पाल पर विशेष अभियान में एयरफोर्स व पुलिस जवानों ने संभाली कमान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नगर निगम जयपुर के आयुक्त ओमप्रकाश कसेरा के नेतृत्व में शहरभर में सफाई सेवा मैराथन के तहत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में हवामहल जोन द्वारा जलमहल की पाल पर विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की संयुक्त भागीदारी देखने को मिली। नगर निगम जयपुर के आयुक्त ओमप्रकाश कसेरा ने बताया कि अभियान में नगर निगम के कर्मचारियों के साथ इंडियन एयर फोर्स के 30 जवान तथा राजस्थान पुलिस ग्रामीण लाइन के 30 जवानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संयुक्त प्रयासों से जलमहल क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर विशेष कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान जल महल के आसपास व्यापक स्तर पर सफाई की गई। निगम द्वारा स्थापित लिटरबिन को समयबद्ध तरीके से खाली करवाया गया, वहीं जलमहल के पानी में जमा कचरे को भी निकालकर एकत्रित किया गया। संग्रहित कचरे को स्वच्छता रथ, ट्रैक्टर और लोडर की सहायता से परिवहन कर ट्रांसफर स्टेशन तक पहुंचाया गया।

अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश भी दिया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के प्रयासों को और गति मिल सके।



# आरएएस 2024 में सौरभ जांगिड़ का चयन

## क्षेत्र में खुशी की लहर

निसं



**चिड़ावा (नवयत्न)।** गांव कुतुबपुरा क्षेत्र के निवासी सौरभ जांगिड़ पुत्र गोपीचंद जांगिड़ ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से सफलता का परचम लहराया है। सौरभ का आरएएस 2024 परीक्षा में 196वीं रैंक के साथ चयन हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। वर्तमान में सौरभ जांगिड़ आरएएस 2023 के प्रथम प्रयास में सफल होने पर अजमेर स्थित तहसीलदार प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे पहले सौरभ कंप्यूटर शिक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं तथा बाद में समाज कल्याण विभाग में अकाउंटेंट पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। सौरभ जांगिड़ की इस सफलता में उनकी माता मंजू जांगिड़ का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी दादी अणची देवी का आशीर्वाद भी उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रहा। सौरभ जांगिड़ के परिवार में इस सफलता को लेकर अत्यंत उत्साह है। उनके ताऊ नंदलाल जांगिड़, दयानन्द जांगिड़, धर्मपाल जांगिड़, ओमप्रकाश जांगिड़ एवं देवीलाल जांगिड़ तथा चाचा प्रधानाध्यापक श्रीराम और मूलचंद जांगिड़ ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षण संस्थान की चेयरपर्सन नीतिका थालौर, संजय थालौर तथा श्रीराम थालौर ने भी सौरभ जांगिड़ को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफ्लता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# 74 वर्षीय बुजुर्ग ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शहर के हरमाड़ा थाना क्षेत्र में एक 74 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा शुक्रवार रात आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग अपने घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची हरमाड़ा थाना पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटा कर जांच शुरू की।

जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद ने बताया कि भूरा डिब्बा कच्ची बस्ती निवासी मंगल 74 पुत्र भूराराम अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रहता था। जिसने घर के एक कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक लंबे समय से डायबिटीज शुगर की बीमारी से परेशान था, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में था। हालांकि, पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# हत्या के प्रयास में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** मेहाड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिस ने दस हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था, जिसे पुलिस ने गुजरात में उसके संभावित ठिकाने से दबोच लिया। थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया ने बताया कि 21 जूलाई 25 को बिस्सा नालपुर निवासी कवरलाल ने पर्चा बयान किया कि उनका चाचा ताऊ के लड़को से जमीन विवाद होकर पहले भी एक बार मुझे धमकी दी थी कल दिनांक 20 जुलाई को रात करीब दस बजे वह पत्नी नीशु देवी व बच्चे सभी गेट बन्द कर खाना खाने की तैयारी कर रहे थे तभी रात को घर की दीवार कुदकर विकाश, जलेसिंह, विजेन्द्र, रामचन्द्र, मोनिका जोगी, शक्ति, दीपक सभी हाथों मे डन्डे व रामचन्द्र के हाथ कुल्हाड़ा था और आते ही सभी ने गेट व जगलो पर डण्डे मारकर दरवाजे तोड़ दिए। मकान के अन्दर आकर जान से मारने की नियत से उसके व उसकी पत्नी पर लाठी डण्डा से हमला कर दिया जिससे मेरे शरीर पर जगह-जगह चोटे आई। मारपीट करने के बाद खुद ही मरा समझ कर छोड़कर गये थे। मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपियों की तलाश में सीआई राममनोहर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा मुल्जिम की तलाश के भरसक प्रयास किये गये व आरोपीगणों का लगातार सूचना तकनीकी के माध्यम से तलाश रेवाडी, नारनौल, जयपुर, अजमेर, अहमदाबाद करते हुए बडोदरा शहर पहुचें, जहां पर मुख्य आरोपी विकास उर्फ कालू को ग्राम दशरथ इलाका छानी बडोदरा शहर मे पीछा कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पर 11 मामले पहले से दर्ज है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राममनोहर, एएसआई भीमसिंह, कांस्टेबल रवि कुमार, महेन्द्र आदि शामिल थे।

# वेद मंत्रों के बीच हुआ यज्ञ, डॉ. पूनम सिंघल का जन्मदिन बना खास



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शनिवार को गांधी चौक में संचालित महिला योग क्लास में योग शिक्षिका डॉ. पूनम सिंघल के जन्मदिन के अवसर पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ मुख्य यजमान पवन सिंघल एवं डॉ. पूनम सिंघल ने औषधि युक्त सामग्री के साथ यज्ञ वेदी में आहुति देकर विश्व मंगल एवं सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। यज्ञ का संचालन पवन कुमार, राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति राजस्थान के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने शुभकरण चौधरी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं अभिनंदन भी किया।

# नारी शक्ति बिल पास नहीं होने पर भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं उतरी सड़कों पर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम के लोकसभा में पारित नहीं हो पाने के मुद्दे को लेकर शनिवार को राजधानी जयपुर में विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता सड़कों पर उतरीं और विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ कदम बताया। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पहले पार्टी मुख्यालय पर एकत्र हुईं, जहां से चौमू सर्किल तक मार्च निकाला गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए आगे बढ़ीं। उनका कहना था कि यह विधेयक देश की आधी आबादी को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से लाया गया था, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर महिलाओं के हितों के प्रति अपनी नकारात्मक सोच उजागर की है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि संसद में इस बिल के खिलाफमतदान करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने के प्रति कभी गंभीर नहीं रहे और केवल



राजनीतिक लाभ के लिए महिलाओं के मुद्दों का उपयोग करते हैं। प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार चुनावी हार के बाद भी पार्टी ने आत्ममंथन नहीं किया और महिला सशक्तिकरण उनके लिए केवल एक नारा बनकर रह गया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुमन शर्मा ने विपक्ष के रवैये को अहंकार पूर्ण बताते हुए कहा कि सदन में बिल गिरने के बाद राहुल गांधी की प्रतिक्रिया आपत्तिजनक थी। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं इस व्यवहार को नहीं भूलेंगी। साथ ही विपक्ष की महिला नेताओं प्रियंका गांधी और डिम्पल यादव के रुख को भी निराशाजनक बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना ने महिलाओं से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब समाज की आधी आबादी संगठित होती है, तो कोई भी शक्ति उनके अधिकारों को दबा नहीं सकती। भाजपा नेताओं ने बताया कि 20 अप्रैल को जयपुर में प्रदेशभर से हजारों महिलाएं एकत्रित होकर इस मुद्दे पर बड़ा प्रदर्शन करेंगी। फिलहाल इस विरोध प्रदर्शन को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

# भजनों में डूबा सौंथली, संत प्रकाश दास ने बांधा समां




निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** गांव सौंथली में महाराज खेत्रपाल के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या में संत प्रकाश दास ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव.विभोर कर दिया। श्बिणजारी ए हंस-हंस बोल3 जैसे अनेक लोकप्रिय भजनों पर पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया और भक्ति में झूमते नजर आए। संत प्रकाश दास की सुमधुर वाणी और भजनों की प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल भी कार्यक्रम में पहुंचे और संतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक ने अपना कर्म गौ चिकित्सालय के लिए 51 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की। इसके अलावा योद्धा ग्रुप व प्रमोद अग्रवाल द्वारा 11-11हजार रुपए का सहयोग दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट की गई थी तथा व्यवस्थाएं भी सुचारू रहीं। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार जताया। कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका प्रवासी स्व नागरमल भार्गव के परिजनों द्वारा किया गया।

# ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी : दिया कुमारी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अनेक ऐतिहासिक स्थल मौजूद हैं, जो हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत की पहचान हैं। यह धरोहरें न केवल प्रदेश बल्कि देश की भी गौरवशाली पहचान है, जिन्हें सहेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इनके महत्व और गौरव को समझ सकें। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से अपील की



कि वे इन धरोहरों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और उनके प्रति सम्मान का भाव बनाए रखें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत केवल अतीत की निशानी नहीं, बल्कि भविष्य के लिए प्रेरणा भी है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसके संरक्षण में अपना योगदान दे।

# जसरापुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के जसरापुर गांव के पंडित सच्चिदानंद जोशी स्टेडियम में चल रही जसरापुर प्रीमियर लीग फर्स्ट सीजन क्रिकेट प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवकुमार सुरोलिया थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छगनलाल शर्मा ने की। फाइनल मैच का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। मुकाबले में श्री मेटालिक्स लिमिटेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट पर 82 रन बनाए। जवाब में झुंझुनू ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 5.5 ओवर में 1 विकेट पर 86 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



शिवकुमार सुरेलिया ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सबसे बड़ा मंच है। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया और विजेता झुंझुनू को 51 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई, साथ ही खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम श्री मेटालिक्स लिमिटेड को 25 हजार रुपये नगदए ट्रॉफी एवं खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार झुंझुनू के जमशेद को दिया गया। मैन ऑफद सीरीज का पुरस्कार श्री मेटालिक्स लिमिटेड के इकराम मलसीसर को सीरीज में 281 रन बनाने पर दिया गया। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अंकित कुमार बंटी नरहड़ को दिया गया, जबकि बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार इकराम मलसीसर को प्रदान किया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका सोहेल बड़ाऊ एवं अकरम बड़ाऊ ने निभाई। इस मौके पर झंडूराम गुर्जर, रामचन्द्र गुर्जर, सावतराम जांगिड़, रामाकांत पुजारी, आशिष केडिया, चुनीलाल चनेजा, राजेश जलन्द्रा, सुरेश चंद चेजारा, शंकर लाल बोहरा, महेन्द्र सिंह शेखावत, सुरेश सैनी, राजेश जलन्द्रा, सुरेश भांडोरिया, सुमेर कुमावत, रुडमल कुमावत, ओमप्रकाश सिराधना, सतपाल छाबड़ी, अशोक गुर्जर, सुंदरलाल सेडुका, रघुवीर छाबड़ी, जगदीश मेघवाल, सुरेन्द्र कुमावत, धर्मा पावटा, जितेन्द्र कुमावत, उमराव सिंह दोराता, सुनीत धानोता, शंकर कुमावत, राकेश गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के बस स्टैंड पर एक माह पूर्व जान लेवा हमला करने के आरोप में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक आरोपी पर पुलिस ने दस हजार रूपए का एक पर पांच हजार रूपए का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपियों को न्यायालय में पेस किया जहां से उन्हें तीन दिन के पीसी रिमांड पर भेज दिया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 15 मार्च को कॉपर बस स्टैंड पर बनवास निवासी सुभाष सैनी के ऊपर जान लेवा हमला हुआ था।

इस संबंध में पीड़ित के चचेरे भाई मनोज सैनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया कि 15 मार्च की शाम को चचेरे भाई सुभाष सैनी के पास फोन आया, जरूरी काम के बहाने कॉपर बस स्टैंड बुलाया था, सुभाष बाइक से कॉपर बस स्टैंड पहुंचा तो वहा पर नानूवाली बावड़ी निवासी श्रीराम, रजनीश, भरगड़ान की ढाणी निवासी राकेश भरगड़ सहित दो-अन्य ने गाड़ी लगा कर उसे रोक कर धारदार हथियार व सरियों से सुभाष पर हमला कर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में उक्त आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कर नानूवाली बावड़ी निवासी श्री राम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था लेकिन राकेश भरगड़ व रजनीश गुर्जर फरार चल रहे थे। राकेश भरगड़ पर पुलिस ने दस हजार रूपए का इनाम, रजनीश पर पांच हजार रूपए का इनाम घोषित किया। आरोपियों की तलाश के लिए थानाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने आरोपियों की तलाश के लिए संग्दिध स्थानों पर तलाश की, मुखबीर के जरीए सूचना मिली की उक्त दोनों आरोपी नानूवाली बावड़ी के पास है। सूचना पर मौके पर दबीस देकर राकेश भरगड़ व रजनीश गुर्जर को पकड़ कर सख्ती से पुछताछ की तो उन्होंने वारदात करना कबुल कर लिया। दोनों आरोपियों को जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेस किया गया जहा से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों से अन्य के बारे में पुछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि श्री राम सैनी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

# करंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** महेश नगर थाना इलाके में स्थित कतारपुरा में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करते वक्त करंट की चपेट में आने से एक श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के भाई ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ लापरवाही से काम करवाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ित के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह ने बताया कि करतारपुरा स्थित नेहा इंटर प्राईजेज प्रिंटिंग प्रेस में काम करते वक्त दिनेश 40 करतारपुरा निवासी करंट की चपेट में आ गया था। करंट लगने से वो उछल कर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से झुलस गया। पता चलने पर अन्य साथियों ने उसे गंभीर झुलसी हालत में सवाई मानसिंह हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 820 ग्राम गांजा सहित युवक गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चौमूं थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 820 ग्राम गांजा बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा परिवहन में उपयोग की जा रही बिना नंबर प्लेट की बाइक भी जब्त की है। थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष ए श्रेणी नाकाबंदी अभियान के तहत की गई। टांटियावास टोल प्लाजा के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की एक बाइक को रुकवाया गया। जहां तलाशी लेने पर चालक के पास काले रंग की थैली में 820 ग्राम गांजा मिला। जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुल्तान सांसी उर्फ लाला निवासी सांसियों की ढाणी, गौरी का बास, गोविंदगढ़ के रूप में हुई है।

पुलिस अब आरोपी से गांजा सप्लाई नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई को थानाधिकारी हरबेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक लेखराम, हेड कांस्टेबल अमीचंद सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने अंजाम दिया।

# सपनों को नई उड़ान

## मिस डेजर्ट राजस्थान में वाइल्ड कार्ड एंट्री का ऐलान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** फैशन और ग्लैमर की दुनिया में कदम रखने का सपना देखने वाली युवतियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राजस्थान के प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट मिस डेजर्ट राजस्थान के आयोजकों ने वाइल्डकार्ड एंट्री की घोषणा की है। इसके तहत वे प्रतिभागी, जो किसी कारणवश पहले रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाईं, अब सीधे इस मंच तक पहुंचने का अवसर पा सकेंगी। आयोजक अरुण कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार गंगवाल और अमित कुमार खंडेलवाल के अनुसार यह पहल खास तौर पर उन टैलेंटेड युवतियों के लिए की गई है, जो फैशन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं, लेकिन समय या अन्य कारणों से आवेदन नहीं कर सकीं। वाइल्डकार्ड एंट्री के जरिए अब उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का एक और सुनहरा मौका मिलेगा। जयपुर में आयोजित होने वाला यह भव्य पेजेंट हर वर्ष प्रदेश की उभरती मॉडल्स को एक सशक्त मंच प्रदान करता है। यहां से कई प्रतिभाएं आगे बढ़कर मॉडलिंग और फैशन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुकी हैं। इस बार का आयोजन और भी खास रहने वाला है।



प्रतिभागियों को ग्रूमिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट और रैंप वॉक की प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। आयोजकों ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी वाइल्डकार्ड एंट्री के माध्यम से अब भी इस प्रतिष्ठित मंच का हिस्सा बन सकती हैं। उन्होंने युवतियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने सपनों को नई उड़ान दें। मिस डेजर्ट राजस्थान एक ऐसा मंच, जहां बनते हैं स्टार और सपनों को मिलती है नई पहचान।

# विश्व धरोहर दिवस : स्मारकों में सैलानियों का किया राजस्थानी अंदाज में स्वागत

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर के स्मारकों और संग्रहालयों में शनिवार को उत्सव जैसा माहौल रहा। इस मौके पर पर्यटकों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया, वहीं सभी स्मारकों और संग्रहालयों में प्रवेश नि:शुल्क रखा गया। जयपुर के आमेर महल, अल्बर्ट हॉल संग्रहालय, हवा महल, जंतर मंतर और नाहरगढ़ फोर्ट सहित प्रमुख धरोहर स्थलों पर बड़ी संख्या में देसी-विदेशी सैलानी पहुंचे। पर्यटकों ने ऐतिहासिक इमारतों की स्थापत्य कला और इतिहास को करीब से जाना और सराहा। इस अवसर पर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने आमेर महल का दौरा किया। वरिष्ठ टूरिस्ट गाइड महेश कुमार शर्मा ने उन्हें महल का भ्रमण करवाया। राजदूत ने आमेर महल की वास्तुकला की सराहना की और इसके बाद हाथी गांव का भी दौरा कर वहां हाथियों के रहन-सहन और देखभाल की जानकारी ली। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक डॉ पंकज धरेंद्र ने बताया कि विश्व धरोहर दिवस पर सभी स्मारकों और संग्रहालयों में पर्यटकों के लिए नि:शुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई। साथ ही पारंपरिक स्वागत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से धरोहर संरक्षण का संदेश दिया गया। आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक ने बताया कि इस अवसर पर लोक कलाकारों ने कच्ची घोड़ी, कठपुतली, कालबेलिया नृत्य और शहनाई वादन जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दी, जिन्हें देखकर पर्यटक मंत्रमुग्ध हो गए। स्मारक परिसर में जागरूकता बैनर भी लगाए गए और पर्यटकों ने महल की सुंदरता को कैमरे में कैद किया। हवा महल अधीक्षक सरोजनी चंचलानी के अनुसार यहां रंगोली सजाकर पर्यटकों का स्वागत किया गया और उन्हें धरोहर संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया गया। वहीं जंतर मंतर अधीक्षक प्रतिभा यादव ने बताया कि यहां भी विशेष स्वागत के साथ बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे और गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर दाना-पानी की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की ओर से विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। यह वॉक किशनपोल बाजार स्थित विरासत संग्रहालय से शुरू होकर छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, लंगर के बालाजी, नाहरगढ़ थाना होते हुए 12 मोड़ मार्ग से नाहरगढ़ दुर्ग तक पहुंची। नाहरगढ़ फोर्ट अधीक्षक सोहनलाल चौधरी ने हेरिटेज वॉक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वॉक में करीब 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। नाहरगढ़ पहुंचकर प्रतिभागियों ने जयपुर शहर का विहंगम दृश्य देखा और ऐतिहासिक धरोहरों के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा दिया। वहीं दूसरी ओर आमजन को अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया।

## इंस्टाग्राम पर रील के लिए जानलेवा स्टंट करना पड़ा भारी

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी की सड़कों पर रील बनाने और खुद के साथ राहगीरों की जान जोखिम में डालने वाले स्टंटबाजों के खिलाफ ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई की है । पुलिस ने सरेआम ब्लैक स्कॉर्पियो कार से खतरनाक स्टंट करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसकी गाड़ी जब्त कर ली है । पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था । इस वीडियो में एक युवक ब्लैक स्कॉर्पियो कार के साथ सरेआम सड़क पर जानलेवा स्टंट करता नजर आ रहा था। जिससे आमजन की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था । इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की । अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक और सहायक पुलिस आयुक्त आमेर सुरेन्द्र सिंह राणावत के निर्देशन में थानाधिकारी हेमन्त जनागल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई । टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर वायरल वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान की और फिर स्टंट करने के आरोप में साकिब खान 24 निवासी फातिमा कॉलोनी, कर्बला रामगढ़ मोड़ को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने स्टंट में इस्तेमाल की गई काली स्कॉर्पियो को भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जब्त कर लिया है । पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वह सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने के लिए सड़कों पर इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें, जिससे उनकी या दूसरों की जान को खतरा हो।

## महिलाओं के अधिकारों में बाधा बनी कांग्रेस : राठौड़

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस पर महिलाओं के अधिकारों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शाहबानो प्रकरण जैसे मामलों में कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निष्प्रभावी बनाकर महिलाओं के साथ अन्याय किया और उन्हें न्याय से वंचित किया। राठौड़ ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और अब वे साइलेंट वोटर नहीं, बल्कि देश के भविष्य को दिशा देने वाली शक्ति हैं। ऐसे में उन्हें विधानसभा और लोकसभा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि भाजपा ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हमेशा ठोस कदम उठाए हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति भैंरो सिंह शेखावत द्वारा पंचायतों और निकायों में महिलाओं को आरक्षण देना इसका उदाहरण है। साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी सहित कई नेताओं ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के प्रयास किए। राठौड़ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को आशंका है कि महिलाओं को अधिक अधिकार मिलने से उसका पारंपरिक वोट बैंक कमजोर हो सकता है, इसलिए वह महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों पर स्पष्ट समर्थन से बचती रही है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी दल महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को प्राथमिकता दें और उनके सशक्तिकरण के लिए एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और अपने अधिकारों व सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगी। जो भी उनके अधिकारों में बाधा बनेगाए उसे जनता उचित जवाब देगी।

## नोखा के दो युवाओं का आरएएस में चयन

निसं




**नोखा (नवयत्न)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा आरएएस 2024 के परिणामों में नोखा क्षेत्र के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। माडिया गांव निवासी रविंद्र गोदारा ने आरएएस 2024 में 386वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। रविंद्र के पिता रामनिवास गोदारा ऊंट गाड़ी चलाते हैं। रविंद्र के चाचा शिवरतन गोदारा ने बताया कि पिता ने सीमित संसाधनों के बावजूद ऊंट-गाड़ी चलाकर बेटे को पढ़ाया। आज वही मेहनत रंग लाई। वहीं, काकड़ा गांव के हाल मे नोखा मे रहने वाले कुलदीप डेलू ने 221वीं रैंक प्राप्त कर आरएएस में चयन हासिल किया है। खास बात यह है कि कुलदीप ने पहली बार आरएएस परीक्षा दी और पहली ही कोशिश में सफलता प्राप्त की। वे दिल्ली में रहकर तैयारी कर रहे थे। कुलदीप डेलू इससे पहले असिस्टेंट कमांडेंट भर्ती में भी ऑल इंडिया स्तर पर 13वीं रैंक हासिल कर चयनित हो चुके हैं। उनके पिता जगदीश डेलू एलआइसी में एजेंट हैं।

# महिला आरक्षण बिल पर सियासी जंग

## भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। लोकसभा में बिल गिरने के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां कांग्रेस और विपक्षी दलों पर हमलावर है, वहीं कांग्रेस ने भी जवाबी रणनीति तैयार कर मैदान में उतरने का फैसला किया है। भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर देशभर में आंदोलन का बिगुल बजाते हुए कांग्रेस को महिला विरोधी करार दिया है। राजस्थान में भी भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। वहीं इसके जवाब में कांग्रेस ने प्रदेशभर में जनजागरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि कांग्रेस पहले से ही 1 अप्रैल से संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान चला रही है। अब महिला आरक्षण बिल को लेकर जन जागरण अभियान को भी इसमें शामिल किया गया है। यह अभियान आज से 30 अप्रैल तक प्रदेश के सभी जिलों में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, सेवादल और जिला स्तर के संगठन सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बूथ और वार्ड स्तर तक नुक्कड़ सभाएं और डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाकर महिलाओं और आम मतदाताओं को बिल से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी जाएगी। चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण बिल की आड़ में राजनीति कर रही है। उनका कहना है कि वर्ष 2023 में बिल पारित हो चुका था और विपक्ष चाहता था कि इसे तुरंत लागू किया जाए, लेकिन सरकार ने इसे तीन वर्षों तक लंबित रखा। उन्होंने यह भी कहा कि पहले जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने की बात कही गई, लेकिन अब बिना जनगणना कराए परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। वहीं महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह ने भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश और प्रदेश की महिलाएं अब जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि जब 2023 में ही महिला आरक्षण बिल पारित हो गया था तो उसे 2026 तक लागू क्यों नहीं किया गया और 2024 के लोकसभा चुनाव में इसे लागू क्यों नहीं किया गया। सारिका सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं और विपक्ष ने बिल के बहाने संभावित परिसीमन को रोकने का काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला अधिकारों की बात करने वाली भाजपा को अपने नेताओं से जुड़े विवादों पर भी जवाब देना चाहिए। प्रदेश में इस मुद्दे को लेकर दोनों प्रमुख दल आमने-सामने आ गए हैं। एक ओर भाजपा विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस को घेर रही है, तो दूसरी ओर कांग्रेस जनजागरण अभियान के जरिए अपनी बात जनता तक पहुंचाने में जुट गई है।

आने वाले दिनों में यह मुद्दा प्रदेश की राजनीति में और अधिक गरमाने के आसार हैं।

## तेज रफ्तार पिकअप और स्लीपर बस की भीषण टक्कर

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** चौमूं थाना क्षेत्र में जयपुर-सीकर हाईवे स्थित राधा स्वामी बाग चौराहे पर शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार पिकअप और स्लीपर बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि सब्जियों से लदी पिकअप के परखच्चे उड़ गए और चालक वाहन में ही बुरी तरह फंस गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा.तफरी और चीख.पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चौराहे पर स्लीपर बस खड़ी थी और यात्री उतर रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप अनियंत्रित होकर बस में जा घुसी। टक्कर की आवाज से आसपास के लोग सहम उठे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पिकअप में फंसे चालक को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत की और उसे गंभीर हालत में नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उपचार जारी है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात बहाल कराया। हादसे के कारण नेशनल हाईवे-52 पर लंबा जाम लग गया, जिससे कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि घायल चालक की पहचान सतीश पुत्र सागरमल निवासी सीकर के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## उपजिला अस्पताल में पूनिया की पुण्यतिथि मनाई



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** कस्बे के उपजिला अस्पताल में चिकित्सक, नर्सिंगकर्मियों ने अपने साथी रहे डॉ सतीश पूनिया की चौथी पुण्यतिथी मनाई। इस दौरान मरीजों को फल वितरित किये गये। कार्यक्रम में डॉक्टर सतीश पूनिया के परिजन भी मौजूद थे। उपजिला अस्पताल में सुबह कार्यक्रम में डॉ सतीश पूनिया के किये गये कार्यों को याद किया गया। मरीजों के लिए उनकी ओर से किये गये पुण्य के कार्यों से भी लोगों को अवगत करवाया गया। डॉ सतीश पूनिया की चार साल पहले एक दुर्घटना में पत्नी बच्चों सहित मौत हो गई थी। श्रद्धांजलि आयोजित कर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए व 2 मिनट का मौन रखकर भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान डॉ सतीश पूनिया के पिता प्रभु दयाल पूनिया, भाई ओमप्रकाश, जयप्रकाश, पीएमओ डॉ जितेन्द्र निठारवाल, वरिष्ठ चिकित्सक सुखदेव सिंह महला, जितेन्द्र यादव, डॉ प्रकाश धायल, केके शर्मा, झाबर मल यादव, सुनील गढ़वाल, सुनीता गढ़वाल, कृष्ण मुरारी शर्मा, महेन्द्र, विकास, छितर मल, फूलचन्द यादव, सुल्तान सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अचीवर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी में 10वीं के श्रेष्ठ 153 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** कालवाड़ निवारू रोड स्थित स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को अचीवर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी-2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 209 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य राजेश शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक अशोक यादव एवं प्रधानाचार्य नीलम सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वागत भाषण एवं विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति की सुंदर झांकी प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को भाव.विभोर कर दिया। सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका संकल्पः एक सफर विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रधानाचार्य एम.एल. मुद्गल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि असफलता जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें मजबूत बनाती है और सफलता की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 53 विद्यार्थियों तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 156 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को विशेष नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिसमें प्रथम स्थानः जतिंदर डेगरा को 51 हजार नकद पुरस्कार, द्वितीय स्थान पर रही तान्या गुप्ता को 21 हजार नकद पुरस्कार व तृतीय स्थान पर रही नव्या शर्मा को 11 हजार नकद पुरस्कार दिया गया। समारोह ने विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा को एक नया आयाम प्रदान किया।

# आपदा मित्र के रूप में कार्य करेंगे स्काउट्स एवं रोवर्स

जयशंकर जांगिड़

झुंझुनू (नवयत्न)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में पांच दिवसीय प्रेसिडेंट अवॉर्ड स्काउट एवं रोवर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्काउट ट्रेनिंग सेंटर माउंट आबू पर किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन स्काउट्स एवं रोवर्स को प्रेसिडेंट अवॉर्ड पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न दक्षता बैज का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षको द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान झुंझुनू सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने आपदा प्रबंधन बैज का प्रशिक्षण देकर प्रायोगिक रूप से तैयारी करवाई ताकि वक्त जरूरत होने पर अथवा आपदा के समय स्काउट्स गाइड्स आमजन को राहत प्रदान कर सके। इसमें विभिन्न प्रकार के आपदा से संबंधित इक्विपमेंट, औजार, उपयोग में आने वाले आवश्यक संसाधनों का प्रदर्शन करते हुए उन्हें उपयोग समझाया गया। इस दौरान दक्ष प्रशिक्षक रघुवीर सिंह द्वारा एंबुलेंस मेन बैज पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए प्राथमिक चिकित्सा के विभिन्न नियमों, पट्टियां एझोल, मुख से मुख श्वसन, सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी भी स्काउट्स रोवर्स को दी गई । सहायक लीडर ट्रेनर मनोज शर्मा ने रक्तदाता बैज की जानकारी देते हुए बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता अतः हमें आवश्यकता होने पर रक्तदान कर किसी का जीवन बचाना चाहिए । उन्होंने रक्तदान से संबंधित विभिन्न प्रकार की उपयोगी जानकारियां के साथ-साथ एड्स जागरूकता की जानकारी भी स्काउट्सएरोवर्स को दी। सहायक राज्य संगठन आयुक्त कोटा दलीप माथुर ने बताया कि अब यह स्काउट्स एवं रोवर्स अपने-अपने जिले में आपदा मित्र के रूप में कार्य करते हुए आमजन एवं प्रशासन का सहयोग करेंगे ।

### इनके द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण

शिविर में सहायक राज्य संगठन आयुक्त कोटा दलीप माथुर, सी. ओ. स्काउट राज्य मुख्यालय एल. आर. शर्मा, जयपुर के लीडर ट्रेनर अभय सिंह शेखावत, नागौर के लीडर ट्रेनर शैलेश पलोड, टोंक के लीडर ट्रेनर रघुवीर सिंह, सी. ओ. स्काउट झुंझुनू महेश कालावत, जयपुर के सहायक लीडर ट्रेनर मनोज शर्मा, कोटा के रूपचंद शर्मा एवं कोटा के श्याम लाल गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### झुंझुनू के स्काउट्स एवं रोवर्स, गाइड्स रेंजर्स ले रहे प्रशिक्षण

सी. ओ. स्काउट महेश कालावत ने बताया कि माउंट आबू पर आयोजित शिविर में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बबाई खेतड़ी के 04 स्काउट्स, प्रेरणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल नवलगढ़ के 04 स्काउट्सए, बुहाना से एक स्काउट्स, बाबा बगद सिंह कॉलेज बुहाना से 02 रोवर्स, मरुधर ओपन रोवर से एक रोवर्स स्काउटर बृजमोहन कुमावत के नेतृत्व में प्रशिक्षक प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार मंडल प्रशिक्षण केंद्र रिड़मलसर बीकानेर पर आयोजित प्रेसिडेंट गाइड्स एवं रेंजर शिविर में पी एम श्री कृष्ण परिषद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजगढ़ की गाइड कैप्टन मनीषा सैनी के नेतृत्व में स्कूल की11गाइड्स, पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय देवरोड पिलानी की व्याख्याता सोनम चौधरी के नेतृत्व में पांच गाइड्स, जे जे टी यूनिवर्सिटी चुड़ेला की एक रेंजर, एस एन एम टी गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज झुंझुनू की 02 रेंजर्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

## पोस्ट ऑफिस स्थित आधार केंद्र पर अव्यवस्था, आमजन परेशान



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** शहर के मुख्य डाकघर स्थित आधार केंद्र पर अव्यवस्थाओं के चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आधार कार्ड बनवाने और अपडेट करवाने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले लोगों को राहत मिलने की बजाय लगातार समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, कई लोग रेलवे ओवरब्रिज पार कर लंबी दूरी तय कर यहां पहुंचते हैं, लेकिन केंद्र पर मौजूद ऑपरेटर द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। लोगों का आरोप है कि उन्हें पहले डाक से संबंधित कार्य निपटाने के बहाने बार-बार चक्कर कटवाए जाते हैं या फिर रोक कर घंटों तक इंतजार करवाया जाता है। शनिवार को भी यहां ऑपरेटर और पोस्ट ऑफिस स्टाफद्वारा आधार अपडेट करवाने आए लोगों के साथ बदसलूकी किए जाने की बात सामने आई। इस घटना के बाद लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। इस संबंध में शिकायत किए जाने पर प्रोग्रामर योगेश कुमार वर्मा ने आधार केंद्र की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन उच्च अधिकारियों से गुहार लगानी पड़ेगी।

## सम्पादकीय

# महिला हित की अनदेखी, फिर से ठंडे बस्ते में चला गया आरक्षण



अंततः जिसका अंदेशा था, वही हुआ। महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक दो तिहाई बहुमत के अभाव में लोकसभा से पारित नहीं हो सका। इसी के साथ एक तरह से महिला आरक्षण फिर से ठंडे बस्ते में चला गया। कहना कठिन है कि अब वह कब लागू हो सकेगा। यदि पक्ष-विपक्ष के बीच निकट भविष्य में कोई सहमति नहीं बनती तो आसार यही हैं कि महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव के पहले क्रियान्वित नहीं हो सकता।

महिला आरक्षण में और अधिक देरी दुर्भाग्य की ही बात होगी। ध्यान रहे महिला आरक्षण के सपने को साकार करने में पहले ही बहुत देर हो चुकी है। महिला आरक्षण का विचार करीब तीन दशक पहले राजनीतिक विमर्श का विषय बना था। इसके बाद सभी दल महिला आरक्षण के पक्ष में बातें तो करते रहे, लेकिन वे उसके लिए मन से तैयार नहीं हुए। इसी कारण महिला आरक्षण संबंधी विधेयक कई बार संसद में पेश होने के बावजूद आगे नहीं बढ़ सका। अंततः 2023 में वह सभी दलों की सहमति से परित तो हुआ, पर इस प्रविधान के साथ कि उसे 2029 के आम चुनाव में लागू किया जाएगा। इसका कारण 2021 में होने वाली जनगणना में विलंब होना रहा। चूंकि नई जनगणना अब जाकर शुरू हुई है और उसके नतीजे आने में समय लगेगा, इसलिए मोदी सरकार ने अगले आम चुनावों से ही महिला आरक्षण को प्रभावी बनाने और विपक्ष की आपत्तियों को दूर करने के लिए यह फार्मूला रखा कि सभी राज्यों की लोकसभा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि करके महिला आरक्षण को लागू किया जाए। पता नहीं क्यों विपक्ष को सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत की वृद्धि का फार्मूला रास नहीं आया, जबकि इससे किसी भी राज्य और विशेष रूप से दक्षिण के राज्यों के राजनीतिक हितों की कोई क्षति नहीं होने जा रही थी। अच्छा होता कि विपक्ष नई जनगणना और उस पर आधारित परिसीमन के आधार पर महिला आरक्षण लागू करने की अपनी जिद का परित्याग करता, क्योंकि यदि जनसंख्या के आधार पर महिला आरक्षण लागू किया जाता है तो कम आबादी वाले दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत के राज्य तो राजनीतिक रूप से नुकसान में ही रहेंगे। जहां तक विपक्ष की यह मांग है कि महिला आरक्षण में विभिन्न वर्गों के लिए अलग से आरक्षण लागू किया जाए तो इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि 2023 में ऐसी कोई मांग नहीं की गई थी। महिला आरक्षण संबंधी संशोधन विधेयक पारित न होने से विपक्ष अपनी जीत की घोषणा अवश्य करेगा, लेकिन ऐसा करके वह देश की महिलाओं को मायूस ही करेगा। निश्चित रूप से सत्ता पक्ष को झटका लगा है, लेकिन उसे यह प्रचार करने का अवसर हाथ भी लगा है कि विपक्ष ने महिला आरक्षण लागू नहीं होने दिया और इस तरह आधी आबादी की आशाओं पर तुषारापात किया।

## विशेष आलेख

# न्यायपालिका की विश्वसनीयता का प्रश्न

**भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने अपने खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू होने के बीच त्यागपत्र दे दिया। उनके घर करोड़ों के अधजले नोट मिले थे और सुप्रीम कोर्ट की एक समिति ने उन्हें दोषी पाया था। उनके त्यागपत्र देने से अब उनके ऊपर महाभियोग की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ेगी। हो सकता है कि अब उनके ऊपर कोई मुकदमा भी नहीं चले। त्यागपत्र के इस घटनाक्रम ने संविधान के भरोसे, उसकी बेचारगी और आम नागरिक के विश्वास से जुड़े गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।**



हमारे पास इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं कि जिस अपराध के लिए आम आदमी से मुख्यमंत्री तक को जेल जाना पड़ता है, आखिर उसी तरह के अपराध के लिए उस संस्था का जिम्मेदार अधिकारी, जिसकी सत्यनिष्ठा की हम कसमें खाते हैं, वह केवल त्यागपत्र देकर दोषमुक्त कैसे हो सकता है? यह घटनाक्रम केवल एक व्यक्ति या पद तक सीमित नहीं है। यह उस संस्थागत विश्वास से जुड़ा प्रश्न है, जिसके आधार पर आम जन न्यायपालिका को न्याय का अंतिम, निष्पक्ष और नैतिक मंच मानता है। जब इस मंच की निष्पक्षता और उत्तरदायित्व पर प्रश्नचिह्न लगता है तो उसका प्रभाव पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर पड़ता है।

महाभियोग ही न्यायाधीशों के विरुद्ध कार्रवाई का एकमात्र संवैधानिक माध्यम है। यह प्रक्रिया जानबूझकर कठिन बनाई गई, ताकि न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर अनावश्यक राजनीतिक हस्तक्षेप न हो, किंतु व्यवहार में यही जटिलता कई बार जवाबदेही के मार्ग में बाधा बन जाती है। संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता, राजनीतिक सहमति का अभाव और लंबी प्रक्रियात्मक जटिलता के कारण महाभियोग लगभग अप्राप्य प्रक्रिया बनकर रह गया है। अभी तक महाभियोग के जरिए उच्चतर न्यायपालिका के किसी भी न्यायाधीश को हटाया नहीं जा सका है, जबकि कई न्यायाधीश कदाचार के गंभीर आरोपों से घिरे रहे।

अधिकांश मामलों में यही देखने को मिला है कि जैसे ही महाभियोग की संभावना प्रबल होती है, आरोपों से घिरा संबंधित न्यायाधीश त्यागपत्र देकर प्रक्रिया को निष्प्रभावी कर देते हैं और यहीं से उत्तरदायित्व का संकट उत्पन्न होता है। भारतीय न्यायिक इतिहास में इसके कई उदाहरण मिलते हैं, जो इस समस्या की संरचनात्मक प्रकृति को उजागर करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति वी. रामास्वामी के विरुद्ध 1990 के दशक में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, किंतु लोकसभा में आवश्यक समर्थन न मिलने के कारण वह पारित नहीं हो सका। इसका कारण यह रहा कि कई राजनीतिक दलों ने क्षेत्रीयता का सवाल उठाकर उन्हें महाभियोग की प्रक्रिया से हटाने के प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया।

इसके पश्चात कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस सौमित्र सेन के विरुद्ध राज्यसभा ने महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया था, जो भारतीय संसदीय इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना थी, किंतु लोकसभा में अंतिम निर्णय से पूर्व ही उनके त्यागपत्र देने से पूरी प्रक्रिया अधूरी रह गई। इसी प्रकार कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पी. दिनकरन ने भी गंभीर आरोपों के बीच पद त्याग कर दिया, जिससे उनके विरुद्ध चल रही महाभियोग की कार्यवाही स्वतः समाप्त हो गई। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि त्यागपत्र कई बार एक प्रकार का संवैधानिक निकास मार्ग बन जाता है, जिससे अंतिम उत्तरदायित्व सुनिश्चित नहीं हो पाता। यह स्थिति कई प्रश्न खड़े करती है कि क्या त्यागपत्र देना ही पर्याप्त जवाबदेही है? क्या यह न्यायपालिका की गरिमा की रक्षा करता है या केवल संस्थागत असहजता से बचने का एक औपचारिक उपाय है? क्या इससे आम नागरिक के मन में यह धारणा नहीं बनती कि उच्च पदों पर बैठे व्यक्तियों के लिए अलग मानदंड हैं?

न्यायपालिका की सबसे बड़ी शक्ति उसकी नैतिक विश्वसनीयता है। यदि वही प्रश्नों के घेरे में आ जाए तो संवैधानिक व्यवस्था की स्थिरता भी प्रभावित हो सकती है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता और उसकी जवाबदेही, दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। यदि स्वतंत्रता के नाम पर जवाबदेही को कमजोर किया जाता है तो यह लोकतंत्र के लिए उतना ही खतरनाक है, जितना कि अत्यधिक हस्तक्षेप। अतः आवश्यकता इस संतुलन को पुनर्स्थापित करने की है। इसके समाधान के लिए कुछ सुझावों पर विचार किया जा सकता है। प्रथम, महाभियोग प्रक्रिया को अधिक व्यावहारिक और समयबद्ध बनाया जाए, ताकि यह केवल एक सैद्धांतिक प्रविधान न रह जाए।

दूसरा, यह कि एक स्वतंत्र और पारदर्शी न्यायिक आचार आयोग की स्थापना की जाए, जो न्यायाधीशों के विरुद्ध शिकायतों की प्रारंभिक जांच कर सके और आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा कर सके। तृतीय, यह सुनिश्चित किया जाए कि त्यागपत्र देने के बाद भी यदि आरोप आपराधिक प्रकृति के हों तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सामान्य विधिक प्रक्रिया के तहत जांच और अभियोजन जारी रह सके। न्यायपालिका से जुड़ा होना दंड से मुक्ति का आधार नहीं बन सकता। इसके अतिरिक्त पारदर्शिता और जन-विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए न्यायपालिका को अपने आंतरिक तंत्रों को अधिक उत्तरदायी बनाना होगा।

न्यायाधीश यशवंत वर्मा का मामला केवल एक न्यायाधीश या एक प्रकरण का प्रश्न नहीं है, बल्कि उस विश्वास का है, जो करोड़ों भारतीयों ने न्यायपालिका में रखा है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति उसकी संस्थाओं में नहीं, बल्कि उन संस्थाओं में जनता के विश्वास में निहित होती है। यदि यह विश्वास कमजोर होता है तो संविधान का आत्मा भी आहत होता है। आज आवश्यकता केवल आलोचना की नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संस्थागत सुधार की है। न्यायपालिका की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, उसे और अधिक उत्तरदायी बनाना समय की मांग है। तभी यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि न्याय के मानक सभी के लिए समान रूप से लागू हों, बिना किसी अपवाद और विशेषाधिकार के। यही वह कसौटी है जिस पर किसी भी लोकतंत्र की परिपक्वता और विश्वसनीयता का वास्तविक आकलन किया जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष**
स्थायी संपति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष**
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

**मिथुन**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

**सिंह**
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**कन्या**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**तुला**
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**वृश्चिक**
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु**
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

**मकर**
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ**
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन**
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# इस तरह चेहरे पर लगाएं एलोवेरा, दूर होगी मुंहासे और दाग-धब्बों की समस्या

चेहरे पर कील-मुंहासे, दाग-धब्बे होना चेहरे की सबसे आम समस्याओं में से एक है। जिसके कारण लोगों को काफी असहजता होती है और यह उनकी सुंदरता को भी प्रभावित करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इससे छुटकारा दिलाने में चेहरे पर एलोवेरा जेल का प्रयोग बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है? त्वचा को हेल्दी रखने के लिए एलोवेरा एक अद्भुत औषधीय पौधा होता है। जो त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करता है, जैसे त्वचा में एलर्जी, चकत्ते, त्वचा में खुजली और पपड़ीदार त्वचा, दाद-खाज आदि। ऐसा इसलिए क्योंकि एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं और उनका सफाया करते हैं।

चेहरे की रंगत में सुधार करने और मुंहासों से छुटकारा दिलाने में भी यह बहुत लाभकारी है। यही कारण है कि यह बहुत से लोगों के स्किनकेयर रूटीन का एक अहम हिस्सा है। यहां तक कि हम में से ज्यादातर लोग अपने एलोवेरा जेल आधारित स्किन केयर प्रोडक्ट्स का ही प्रयोग करते हैं। हालांकि बाजार में मौजूद स्किन केयर प्रोडक्ट में हानिकारक केमिकल मौजूद होते हैं। जिससे त्वचा को कुछ नुकसान पहुंच सकते हैं। जबकि आप सीधे तौर पर एलोवेरा का जेल निकालकर इसे चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन चेहरे के मुंहासे और दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए एलोवेरा का प्रयोग कैसे करें?



### सीधे तौर पर लगाएं

चेहरे पर आप सीधे तौर एलोवेरा जेल लगा सकते हैं। आप इसके लिए एलोवेरा पौधे का प्रयोग कर सकते हैं, या बाजार से एक प्राकृतिक एलोवेरा जेल खरीद सकते हैं। रात में सोने से पहले चेहरा सादे पानी से धोकर, अच्छी तरह सुखा लें। फिर चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाएं और कुछ मिनट सर्कुलर मोशन में चेहरे की मालिश करें। इसे रात भर के लिए चेहरे पर छोड़ दें, फिर सुबह सादे पानी से धो लें।

### एलोवेरा और नींबू का प्रयोग करें

नींबू में विटामिन सी और साइट्रिक एसिड होता है। इसे एलोवेरा जेल में मिलाकर चेहरे पर लगाते हैं, तो इससे मुहांसों की सूजन कम होती है और चेहरे की रंगत साफ होती है। आपको 1-2 चम्मच एलोवेरा जेल लेना है, फिर इसमें 1 चम्मच नींबू रस डालकर अच्छी तरह मिलाना है। इसे फेस पैक या मास्क की तरह चेहरे पर लगाएं और कम से 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पानी से धो लें। रात में सोने पहले लगाएं।

### स्क्रब की तरह प्रयोग करें

आप एलोवेरा जेल में नारियल तेल, चीनी और चीनी मिलाकर इसे चेहरे पर फेस स्क्रब की तरह प्रयोग कर सकते हैं। यह डेड स्किन, त्वचा के अतिरिक्त तेल, गंदगी, पिगमेंटेशन आदि को पहले साफ करने करने में मदद करता है। बस 2 चम्मच एलोवेरा जेल में, 1 चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच चीनी पीसकर मिलाएं, अच्छी तरह मिक्स करें, फिर चेहरे पर सामान्य स्क्रब की तरह प्रयोग करें। इससे सर्कुलर मोशन में 5-8 मिनट मसाज करें और 5 मिनट के लिए चेहरे पर छोड़ दें। उसके बाद सादे पानी से धो लें और चेहरे पर एक अच्छा मॉइश्चराइजर लगाएं।

# बच्चों को आंवला खिलाने से होते है यह बेहतरीन फायदे

आंवला पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आंवला में भरपूर मात्रा में विटामिन सी, आयरन, पोटैशियम और कैल्शियम आदि पाया जाता हैं। इसको नियमित खाने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। आंवला शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में मदद करता है। बड़े लोग, तो आंवले के औषधीय गुण जानकर उसको डाइट में शामिल कर लेते है। लेकिन बच्चों को आंवला खिलाना काफी चैलेंजिग होता है। बच्चों की बढ़ती उम्र में इसे शामिल करने से बच्चों को बहुत फायदा भी होता हैं।

**पाचन तंत्र करें मजबूत :** बच्चों की डाइट में आंवला शामिल करने से बच्चों को कब्ज नहीं होती है। जिससे उनकी भूख बढ़ती है। बच्चों का नियमित आंवला खिलाने से पाचन तंत्र मजबूत होता हैं। कई बार बच्चों के पेट में जल्दी-जल्दी इंफेक्शन होता है। जिस कारण उन्हें पेट से संबंधित परेशानियां होती है।



**बच्चों की इम्यूनिटी करें मजबूत :** बचपन में कई बच्चों की इम्यूनिटी काफी कमजोर होती हैं। जिस कारण वो जल्दी बीमार पड़ते रहते है। आंवला में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत करने के साथ उनको हेल्दी रखने में मदद करता है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाएं :** आजकल छोटे-छोटे बच्चे भी घंटो मोबाइल और टीवी के आगे बैठे रहते है। जिस कारण उनकी आंख कमजोर होने के साथ खुजली और आंख लाल होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आंवला बच्चों को खिलाने से आंखों की रेटिना हेल्दी होती है। साथ ही कमजोर नजर की परेशानी भी दूर होती हैं।

**दिमाग को तेज करता है :** आंवला बच्चों के दिमाग को तेज करने में मदद करता है। अगर आपको बच्चा भी याद करके भूल जाता है, तो उसे नियमित आंवला को खिलाएं। ऐसा करने से उसका दिमाग तेज होगा और उसकी स्मरण शक्ति भी बढ़ेगी।

**खून की कमी करें दूर :** आंवला बच्चों को खिलाने से शरीर में खून की कमी दूर होती हैं। आंवला रेड ब्लड सेल्स के निर्माण में सहायता करता हैं। जिससे शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी नहीं हो पाती। इसके सेवन से बच्चों के शरीर की कमजोरी भी दूर होती है।

# जैतून का तेल है कई समस्याओं का रामबाण घरेलू इलाज

जैतून का तेल हम में से ज्यादातर लोगों के किचन का एक अहम हिस्सा है। खाना पकाने के लिए इसका प्रयोग बहुत फायदेमंद है, क्योंकि जैतून के तेल को दिल के लिए बहुत स्वस्थ माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, जैतून के तेल का प्रयोग कई घरेलू नुस्खों के तौर पर भी काफी किया जाता है। यहां तक कि कई समस्याएं दूर करने के लिए यह एक बहुत ही प्रभावी उपाय है। इसका कई प्राकृतिक औषधियों में भी प्रयोग किया जाता है। जैतून के तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, साथ ही यह हेल्दी फैट्स से भी भरपूर होता है। इसे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।



### त्वचा की समस्याएं करे दूर

अगर आप जैतून के तेल का प्रयोग शरीर और चेहरे की त्वचा की मालिश के लिए करते हैं, तो यह ड्राई स्किन, कील-मुंहासे और दाग-धब्बे आदि दूर करने में मदद करता है। खासकर ठंड के मौसम में शुष्क त्वचा की समस्या से बचाव में यह बहुत लाभकारी है।

### बालों की समस्याएं दूर होती हैं

बालों की कई समस्याएं जैसे बालों का झड़ना रोकने, ड्राई और फ्रिजी हेयर, सफेद बाल साथ ही डैंड्रफ आदि समस्याओं को दूर करने में जैतून का तेल बहुत लाभकारी है। आप जैतून के तेल से बालों और स्कैल्प की अच्छी तरह मालिश कर सकते हैं, इसके अलावा अपने हेयर मास्क आदि में भी जैतून का तेल मिलाकर बालों में अप्लाई कर सकते हैं।

### मुंह को रखे स्वस्थ

अगर आप जैतून के तेल का प्रयोग ऑयल पुल्लिंग के लिए करते हैं, तो इससे कई फायदे मिलते हैं। यह आपके मसूड़े और दांतों को मजबूत बनाता है। मसूड़ों की सूजन और उनसे खून निकलने की समस्या भी दूर होती है। यह मुंह के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करता है और कैविटी से बचाता है। आप जैतून के तेल में नमक मिलाकर भी दांतों और मसूड़ों की मालिश कर सकते हैं, इससे भी बहुत फायदा मिलेगा।

### दर्द में दिलाता है आराम

छोटी-मोटी चोट, मोच, सूजन आदि के दर्द को दूर करने के लिए भी जैतून के तेल का प्रयोग बहुत प्रभावी है। इसमें फेनोलिक यौगिक और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जिससे यह सूजन से लड़ने में बहुत प्रभावी है और दर्द से राहत प्रदान करता है। इसके लिए आप जैतून के तेल को गर्म करके इसे दर्द से प्रभावित हिस्से पर लगाकर मालिश कर सकते हैं। आप तेल में हल्दी या लहसुन भी गर्म कर सकते हैं, इससे मालिश करने से भी बहुत फायदा मिलता है।

# सेवा कार्यों के साथ मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव रविवार को विभिन्न सेवा कार्यों के साथ मनाया जाएगा। जिसमें राजस्थान ब्राह्मण महासभा की विभिन्न इकाईयों के सदस्य मौजूद रहेंगे। राजस्थान ब्राह्मण महासभा की विभिन्न इकाइयों की ओर से भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर अनेक सेवा कार्य किए जाएंगे। शनिवार को जन्मोत्सव कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा जयपुर महानगर महामंत्री शिव कुमार भारद्वाज ने बताया कि महासभा की खंड इकाई रामगढ़ मोड़ की ओर से आमेर रोड गुर्जर घाटी स्थित कादंबरी माता मंदिर में सुबह दस बजे से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। महामंत्री जगदीश नारायण शर्मा ने बताया कि पूजन के बाद महाआरती होगी। राजस्थान ब्राह्मण महासभा इकाई आगरा रोड गोनेर रोड की ओर से आगरा रोड स्थित प्रेमनगर पुलिया सर्विस रोड उत्तर पर सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक राहगीरों और आम जनता को शर्बत पिलाया जाएगा। अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व इकाई के कार्यालय में वेद मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम जी का पूजन किय जाएगा। राजस्थान ब्राह्मण महासभा इकाई हीरापुरा के अध्यक्ष प्रो. भगवान सहाय शर्मा, संरक्षक आर डी शर्मा के नेतृत्व में महासभा के हीरानगर कार्यालय में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महासभा के तत्वावधान में 23 अप्रेल को जलेब चौके से गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### गोविंद देवजी मंदिर मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

आराध्य देव श्री गोविन्द देवजी में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी। सुबह मंगला झांकी के बाद मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। ठाकुर श्रीजी को केसरिया रंग की विशेष पोशाक धारण कराई जाएगी। आकर्षक अलंकारों से श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही ठाकुर श्रीजी को लड्डू का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा।

### सिद्धेश्वर गणेश शिव हनुमान मंदिर में मनेगा परशुराम जन्मोत्सव

विप्र महासंघ सेवा समिति राजस्थान के तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन 19 अप्रैल को निर्माण नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर गणेश शिव हनुमान मंदिर परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातरू 9:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। आयोजन के तहत सुबह 10:30 बजे आगंतुक महानुभावों का सम्मान किया जाएगा, जबकि 11:15 बजे भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना होगी। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अम्बिका दत्त कौशिक ने बताया कि समारोह में ब्राह्मण समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### भगवान परशुरामजी को अर्पित होंगे छप्पन भोग

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में समस्त ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 19 अप्रैल को विद्याधर नगर स्थित परशुराम सर्किल पर शाम सवा छह बजे सैंकड़ों दीपकों से भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। गौड़ विप्र समाज जयपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बजाया कि महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान परशुराम की आराधना करेंगे और समाज की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। इस मौके पर भगवान परशुराम जी को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

# गूंजेंगी शहनाइयां, चार माह में 30 से अधिक शुभ मुहूर्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रविवार को अक्षय तृतीया के अबूझ सावे पर बंपर विवाह होंगे। चातुर्मास से पूर्व लगभग 30 से अधिक विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ के अनुसार, इस सीजन का सबसे प्रमुख और अबूझ सावा 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन रहेगा, जिसे विवाह के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके अतिरिक्त अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह में भी विभिन्न तिथियों पर विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं, जिससे लगातार चार महीनों तक शादी समारोह आयोजित होंगे।

### अक्षय तृतीया पर गंगोत्री-यमुनोत्री के खुलेंगे कपाट

अक्षय तृतीया को यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही 19 अप्रेल से चारधाम यात्रा का शुभारंभ होगा। इसके बाद 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम तथा 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। उत्तरकाशी के खरसाली से यमुनोत्री धाम की डोली तथा मुखवा से गंगोत्री धाम की डोली 19 अर्प्रैल को अपने-अपने धाम पहुंचेगी। इसी प्रकार 22 अप्रैल को उखीमठ से केदारनाथ धाम की डोली पहुंचेगी, जबकि 23 अप्रैल को जोशीमठ से बद्रीनाथ धाम की डोली आगमन के साथ कपाट खुलेंगे। बाबा केदारनाथ धाम सेवा समिति की ओर से केदारनाथ में 22 अप्रैल से विशेष शिविर लगाया जाएगा, जिसमें राजस्थान के श्रद्धालुओं को प्राथमिकता के साथ ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। समिति के सचिव मनोज वैष्णव ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यात्रियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य: चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 11 अप्रैल से प्रारंभ हो चुके हैं। श्रद्धालु व्हाट्सएप नंबर 8394833833, मोबाइल ऐप तथा आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए हरिद्वार के ऋषिकुल ग्राउंड में 20 से अधिक काउंटर तथा ऋषिकेश बस स्टैंड और ट्रांजिट कैंप में 34 काउंटर स्थापित किए गए हैं। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड की फोटोकॉपी आवश्यक होगी। सत्यापन के बाद श्रद्धालुओं को क्यूआर कोड युक्त यात्रा पास जारी किया जाएगा।

# हाईटेंशन लाइन में हुई स्पार्किंग से खेतों में लगी आग

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम गौरीसर में शुक्रवार रात्रि को हाईटेंशन लाइन में हुई स्पार्किंग से खेतों में आग लग गई। आग की लपटें देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई तथा मिट्टी व पानी डालकर आग पर काबू पाया। घटना में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील के ग्राम गौरीसर निवासी भंवरसिंह एवं उमरद्दीन के खेतों के ऊपर से 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शुक्रवार रात्रि को विद्युत लाइन के तार आपस में टकराने से स्पार्किंग हुई, जिससे बाड़बंदी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे तथा आग पर मिट्टी व पानी डालकर काबू पाया, जिससे आग आगे नहीं फैल पाई और बड़ी हानि होने से बच गई। किसानों ने बताया कि वर्तमान में तैयार फसलों की कटाई की जा रही है, ऐसे में आग से तैयार फसल नष्ट हो सकती थी। घटना में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ लेकिन कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

# राहुल गांधी का पुतला फूंककर किया विरोध प्रदर्शन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** महिला आरक्षण बिल को पास नहीं होने देने से नाराज भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का घंटाघर चौक पर पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने कहा कि कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा पूरे देश में उजागर हो गया है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी मुर्दाबादए महिला शक्ति के सम्मान में भाजपा मैदान में आदि नारे लगाए। विधानसभा प्रत्याशी संतोष मेघवाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



महिलाओं को शक्ति मानकर उनके सशक्तिकरण का सपना देख रहे हैं, वहीं विपक्ष की संकीर्ण सोच ने उनकी प्रगति की राह में दीवार खड़ी कर दी। महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच ने कहा कि इतिहास गवाह है कि एक द्रौपदी का अपमान और अधिकार छीनने वालों का पूरा वंश समाप्त हुआ था, आज करोड़ों महिलाओं का अपमान और अधिकार छीनकर हंसने वाले हर दु:शासन का समूल विनाश तय है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, विस्तारक महावीर सेन, मंडल महामंत्री गौरव इंदौरिया, प्रकाश भार्गव, पूर्व मंडल अध्यक्ष वैद्य भंवरलाल काछवाल, पार्षद तनसुख प्रजापत, पंकज घासोलिया, दीनदयाल पारीक, रेंवतमल पंवार, शर्मिला सोनी, पुरुषोत्तम शर्मा, रिछपाल बिजारणिया, खुशीराम चांदरा, विजय चौहान, शोभांग कंवर, यशोदा माटोलिया, गायत्री प्रजापत, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, सुमन सामरिया, मंत्री यशोदा प्रजापत, देवेंद्र भाटी, प्रियांशु लड़ा, मुरारी खंडेलवाल, संतोष बेडिया, महेश जोशी, रूपाराम गुलेरिया, प्रेम स्वामी, कमल दाधीच, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, नरेंद्र गुर्जर, रेखा सोनी, भंवरलाल बिजारणियां, गंगाधर लाखन, नरेंद्र भाटी, कैलाश अग्रवाल, श्रवण सिंह राठौड़, जगदीश नाथ, विकास सोनी, ओमप्रकाश बोहरा, कृष्णकांत प्रजापत, राजकुमार पारीक, सुरेश शर्मा, रमेश मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महंगाई-बेरोजगारी से ध्यान हटाने का प्रयास : खाचरियावास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी असफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए इस मुद्दे को उछाल रही है। खाचरियावास ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी गंभीर समस्या है, मनरेगा में काम प्रभावित है और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। ऐसे में इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भाजपा महिला आरक्षण का मुद्दा उठा रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पारित हो चुका है, ऐसे में लोकसभा की 543 सीटों में से करीब 100 सीटें



महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं, लेकिन भाजपा इसे लागू करने के बजाय राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। खाचरियावास ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार राहुल गांधी से डरती है, इसलिए उनके विरोध के लिए महिला कार्यकर्ताओं को सड़कों पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की श्राजनीतिक नौटंकी को समझ चुकी है और अब उसके बहकावे में नहीं आएगी।

उन्होंने जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार को जनगणना करानी चाहिए और 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही आरक्षण लागू किया जा सकता है, लेकिन सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर खाचरियावास ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के बावजूद सरकार ने चुनाव की घोषणा नहीं की। उन्होंने न्यायपालिका की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि अदालतें अपने आदेशों को लागू नहीं करा पाएंगी तो जनता का विश्वास कमजोर होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय ईडी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां राजनीतिक दबाव में काम कर रही हैं और विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है। खाचरियावास ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इन मुद्दों पर सड़कों पर उतरकर भाजपा के विरोध का जवाब देंगे।

# नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफसुजानगढ़ द्वारा रविवार को स्व. प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में उनकी धर्म पत्नी कमला देवी सिंघी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ. मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ मे करवाए जाएंगे। द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित होने वाला उक्त शिविर प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगेगा।

# सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत निम्बी जोधा के राजकीय भीकूलाल सारडा उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं को राजस्थान सरकार द्वारा प्रदत्त नि:शुल्क साईकिल वितरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सुमित्रा रलिया जेठू प्रधानाचार्या एवं पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ने राजस्थान सरकार द्वारा विधार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकों के वितरण किये जाने, मिड डे मील, ट्रांसफर वाउचर की राशि, वर्क बुक्स, साईकिल-स्कूटी वितरण व भ्रमण करवाने सहित तमाम तरह की योजनाओं की जानकारी देते हुए अनामांकित बच्चों के प्रवेश सरकारी स्कूलों में करवाने की बात कही। वहीं शाला के उप प्राचार्य शिवनारायण कासनियां व जगदीश प्रसाद घिंटाला ने अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के सरकार के प्रयासों से अवगत



करवाते हुए बाल विवाह, अनमेल विवाह व दहेज मुक्त शादी समारोह सम्पन्न कराने व फिजूलखर्ची रोक कर दहेज में नगदी, घोड़ी के गीत व तमाम तरह के आडंबरों व दिखावे पर रोक लगाने के साथ ही दहेज सहित तमाम तरह के लेन देनों में कम्प्यूटर, लेपटॉप या साईकिल भेंट करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शाला के शिक्षक जगदीश प्रसाद घिंटाला कसुंबी जाखला ने अपने पुत्र आलोक घिंटाला की शादी में दहेज नहीं लेकर समाज को अच्छा संदेश दिया है।

# भूमिका शर्मा का आरएएस मुख्य परीक्षा में चयन

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर की होनहार भूमिका शर्मा का आरएएस मुख्य परीक्षा में चयन हुआ है। इंटरव्यू के पश्चात शनिवार को घोषित हुए परिणाम में भूमिका शर्मा का चयन हुआ है। भूमिका शर्मा व्यवसायी पिता ओमप्रकाश शर्मा व गृहणी माता सरोज शर्मा की पुत्री है। भूमिका की इस सफलता पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व पालिकाध्यक्ष लीटू कल्पनाकांत, भाजपा जिला मंत्री भारती मुद्गल, कांग्रेस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया, राजीव उपाध्याय, युवा भाजपा नेता विकास रिणवा, मनोज जोशी व संजय पुरोहित आदि अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भूमिका वर्तमान में स्थानीय पंचायत समिति में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी हैं।

# 84 वर्षीय रामप्यारी देवी की आंखे हो गई अमर

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ताल छापर निवासी रामप्यारी देवी दायमा का निधन शनिवार को होने पर उनके परिजनों ने मानवता और परोपकार की मिसाल पेश करते हुए नेत्रदान का सराहनीय निर्णय लिया। लायंस क्लब सुजानगढ़ की नेत्रदान मुहिम से प्रेरित होकर पवन दायमा ने लायंस क्लब में कुछ माह पहले नेत्रदान हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया था। 84वर्षीय रामप्यारी देवी दायमा के निधन के पश्चात परिवार ने दु:ख की घड़ी में भी समाज के लिए प्रेरणादायक कदम उठाया। रामप्यारी देवी दायमा के देवर सुप्रसिद्ध



पर्यावरणविद् चैनरूप दायमा, पुत्र पवन दायमा, पुत्रवधू दुर्गा देवी दायमा ने नेत्रदान की सहमति देने पर नेत्र संग्रह केन्द्र प्राणनाथ होस्पीटल सरदारशहर के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत एवं सहयोगी दिनेश शर्मा ने ताल छापर जाकर नेत्र संग्रह किया। इस पुनीत कार्य में पर्यावरणविद् चैनरूप दायमा, लायन्स क्लब के जोन चैयरपर्सन लायन कमल तापड़िया, नर्सिंगकर्मी सुभाष चोपड़ा एवं प्रकाश चौपड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि ताल छापर का यह पहला नेत्रदान है। इस अवसर पर चतुर्भुज शर्मा, श्रीराम शर्मा तथा दायमा परिवार के सदस्य उपस्थित थे। रामप्यारी देवी दायमा के नेत्रदान किये जाने पर उनके परिजनों का गांविमं सरदारशहर के अध्यक्ष हिमांशु दुग्गड़, प्राणनाथ होस्पीटल सरदारशहर के चेयरमैन शान्ति लाल चोरड़िया, राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया, लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत पारीक, सचिव अशोक जाजू ने आभार व्यक्त किया है।

# भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा अक्षय तृतीया का पर्व

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अक्षय तृतीया पर्व 19 अप्रैल, रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सनातन धर्म में इस तिथि को अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है, क्योंकि अक्षय का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो। मान्यता है कि इस दिन किए गए सभी शुभ कार्यए दान-पुण्य, जप-तप और पूजा का फुल अनंत गुना बढकर प्राप्त होता है और जीवन में सुख.समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा के अनुसार धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सृष्टि के प्रारंभ से ही भगवान विष्णु ने विभिन्न अवतार लेकर धर्म की स्थापना की। इसी क्रम में उनका छठा अवतार भगवान परशुराम के रूप में हुआ, जिन्होंने पृथ्वी से अधर्म का नाश कर सज्जनों की रक्षा की। इस कारण अक्षय तृतीया को परशुराम जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है और इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर गजकेसरी और मालव्य जैसे अत्यंत शुभ योग बन रहे हैं। गजकेसरी योग चंद्रमा और देवगुरु बृहस्पति के संयोग से बनता है, जो यश, बुद्धि और उन्नति का कारक माना जाता है। वहीं मालव्य योग शुक्र ग्रह के अपनी राशि वृषभ में स्थित होने से बनता है, जो धन, ऐश्वर्य और भौतिक सुख-सुविधाओं का प्रतीक है। उच्च के चंद्रमा, कृतिका नक्षत्र, आयुष्मान योग भी अत्यंत शुभ है। ज्योतिष शास्त्र में शुक्र को मां लक्ष्मी से भी जोड़ा जाता है, इसलिए इस दिन धन और समृद्धि के विशेष योग बनते हैं। इस दिन बिना मुहूर्त देखे भी मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार आरंभ या सोना खरीदना-सभी कार्य इस दिन शुभ माने जाते हैं। अक्षय तृतीया पर विशेष रूप से दान-पुण्य करने से पापों का क्षय और पुण्य की वृद्धि होती है। वर्ष में कुछ ही तिथियां ऐसी होती हैं जो समस्त अशुभ प्रभावों से मुक्त मानी जाती हैं और अक्षय तृतीया उनमें से एक है।

खरीदारी के लिए सुबह 10 से 11:45 बजे तक अभिजीत मुहूर्त और शाम 5:15 से 7:15 बजे तक का समय विशेष शुभ रहेगा। हालांकि यह दिन स्वयं ही अक्षय फल देने वाला माना जाता है, इसलिए पूरे दिन किसी भी समय शुभ कार्य किए जा सकते हैं। पूजा विधि के अंतर्गत भगवान कृष्ण के चरणों के दर्शन और भगवान विष्णु की विधिवत पूजा का विशेष महत्व है।

### आखातीज पर मंदिरों में रहेगा दान-पुण्य पर जोर

आखातीज पर रविवार को दान दान-पुण्य, पूजा-अर्चना और मांगलिक कार्यों की धूम रहेगी। आखातीज का पर्व सुख, समृद्धि और नए कार्यों की शुरुआत के लिए अत्यंत शुभ होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि से सतयुग और त्रेतायुग



का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहा जाता है। इस दिन किए गए दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों का फल अक्षय माना जाता है। श्रद्धालु विशेष रूप से सूर्य देवता की पूजा कर उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हैं। आखातीज के अबूझ सावे पर जिलेभर में 2000 से अधिक विवाह होंगे। इनमें सामूहिक विवाह सम्मेलन भी शामिल हैं। मंदिरों और घरों में मांगलिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भी इस दिन मौसम के शकुन देखकर आगामी फसल के लिए संकेत लेते हैं। ज्योतिषाचार्य पंण्बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया को किए गए दान और खरीदारी का फल अनंत और शाश्वत माना गया है। अक्षय तृतीया को सोना खरीदना शुभ रहता है। सोना नहीं खरीद सकते तो जौ खरीदे। इसे सोने के बराबर माना जाता है। दक्षिणावर्ती शंख, वाहन, जमीन-जायदाद, पीली कौड़ी, मिट्टी का घड़ा खरीदना शुभ माना जाता है। जल से भरे घड़ेए हाथ के पंखे, खड़ाऊ, छाता, खरबूजा, ककड़ी, चीनी,सत्तू, वस्त्र, गोदान का दान करने से पितरों की तृप्ति होकर जीवन के कष्ट दूर होते है। आखातीज पर जलए अन्न, वस्त्र और धन का दान विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन जरूरतमंदों की सहायता, गौसेवा, अन्नदान और धार्मिक कार्य करने से जीवन में सुख-समृद्धि बढने की मान्यता है। समाज में इसे शुभता, शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक पर्व माना जाता है।

# महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल में टॉपर मीनू का किया सम्मान



**रींगस ( नवयत्न )।** महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में विद्यालय टॉपर रही छात्रा मीनू का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्रा मीनू के साथ उनकी माता संतरा देवी, पिता हरफूल सिंह लोरा एवं चाचा शीशराम लोरा का विद्यालय सचिव विशाल महला एवं समस्त स्टाफ द्वारा साफा पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। विद्यालय सचिव विशाल महला ने मीनू की इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल छात्रा बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अपने उद्बोधन में मीनू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों को देते हुए बताया कि नियमित कक्षा परीक्षाएं एवं विशेष मेगा टेस्ट उसकी सफलता में अत्यंत सहायक रहे। साथ ही उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी उपलब्धि का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताया। इस दौरान अभिभावकों ने भी विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सचिव विशाल महला का साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पिंटू दयाल शर्मा, सुरेश ढाका, डॉ शिप्रा यादव, गंगोत्री पारीक, ज्योति शर्मा, मनीषा सैनी, धर्मपाल गोदारा, संजय महरिया, सुरेश महला, मनोज शर्मा, संदीप वर्मा, अर्चना मदान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बाल विवाह निषेध विधिक जागरूकता अभियान जारी

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राज्य व चूरू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के निर्देश अनुसार शनिवार को स्टेशन रोड, उप जिला अस्पताल, घंटाघर, गाँधी चौक, सब्जी मण्डी, न्यू मार्केट, धर्मकाँटा आदि स्थानों पर बाल विवाह निषेध विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। पेरा लीगल वॉलंटियर विजयपाल श्योराण ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए घंटाघर के पास एकत्र मजदूरों को बताया कि 18 साल से छोटी उम्र की लड़की या 21 साल से छोटे उम्र के लड़के का विवाह किया जाता है तो वह कानूनन अपराध है। पीएलवी विजय पाल ने बताया कि सोमवार को प्रगति नगर, भोजलाई चौराहा, राव बीदाजी संस्थान, पुराना बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन, नेताजी सुभाष पार्क आदि स्थानों पर बाल विवाह रोकथाम हेतु विधिक जागरूकता गतिविधियां की जाएगी।

# दांतो के दर्द ने कर दिया खाना-पीना मुश्किल, तो किचन की इन चीजों से पाएं इंसटेंट राहत

दांत दर्द आम समस्याओं में से एक है। आप सूजन, दर्द और अन्य लक्षणों का अनुभव कर सकते हैं। दांत में दर्द कई कारण हो सकते हैं जिनमें कैविटी, इनेमल का क्षरण, संक्रमण, गंदगी आदि शामिल हैं। यह इतने दर्दनाक होते हैं कि आपका भोजन चबाना भी कठिन हो सकता है। साथ ही कुछ भी ठंडा पीने से भी आप दर्द से परेशान हो सकते है। दांतों में होने वाले कभी-कभी इतने गंभीर हो जाते हैं कि आपकी नींद को भी प्रभावित कर सकते है। दांतों के दर्द को आप कुछ घरेलू नुस्खों से दूर कर सकते हैं। लेकिन अगर दर्द कुछ दिनों तक बना रहता है तो सटीक कारण जानने के लिए अपने दंत चिकित्सक को दिखाना महत्वपूर्ण है।



### दांतो का घरेलू उपचार- लहसुन

एनसीबीआई की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, लहसुन दांत दर्द को नियंत्रित करने में सहायक होता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो दर्द निवारक के रूप में भी काम करते हैं। यह दांतो के प्लाक पर काफी असरदार हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप लहसुन की चाय बना सकते हैं या लहसुन की ताजी कली को चबा सकते हैं। इसके अलावा प्रभावित जगह पर लहसुन का पेस्ट भी लगा सकते हैं।

### प्याज दिलाता है दांतो में दर्द से राहत

प्याज में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण मुंह के बैक्टीरिया पर असरदार होता है। इसके साथ ही यह दांत दर्द का घरेलू इलाज के तौर पर भी एक प्राकृतिक दवा की तरह उपयोग किया जा सकता है।

### खारा पानी कम करता है दांतो का दर्द

दांतों की समस्याओं के लिए नमक के पानी से कुल्ला करना बुनियादी उपचारों में से एक है। यह दांत दर्द के लिए एक सरल लेकिन प्रभावी उपाय है। इसके फायदे के लिए गर्म पानी में थोड़ा नमक मिलाकर इसे माउथ वॉश की तरह इस्तेमाल करें। आप इसे दिन में 2-3 बार दोहरा सकते हैं।

### पुदीना है दांतो में दर्द का रामबाण उपाय

लौंग की तरह ही, पुदीना दांत दर्द, सूजन को कम कर सकता है और संवेदनशील मसूड़ों से राहत पहुंचाने का काम करता है। ऐसे में आप दांत में दर्द होने पर पेपरमिंट ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं या दांत पर थोड़ा गर्म पेपरमिंट टी बैग भी रख सकते हैं।

### दांतो के दर्द को घर कैसे ठीक करें लौंग का तेल लगाएं

नेशनल सेंट्रल फॉर बायोटेकनोलॉजी इंफोर्मेशन के अनुसार, लौंग के तेल में यूजेनॉल और एसिटिल यूजेनॉल मौजूद होता है, जो एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक (दर्दनिवारक) लाभ पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में इसका उपयोग दांत के दर्द का रामबाण इलाज हो सकता है।

# डायबिटीज के मरीज खाना तो दूर, चखे भी नहीं ये चीजें, तेजी से बढ़ेगा ब्लड सुगर

डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है और इसका कोई स्थायी इलाज नहीं है। इसे सिर्फ हेल्दी लाइफस्टाइल और डाइट के जरिए कंट्रोल रखा जा सकता है। यही वजह है कि एक्सपर्ट्स शुगर के मरीजों को खाने-पीने का बहुत ज्यादा ध्यान रखने की सलाह देते हैं। डायबिटीज होने पर मरीज के ब्लड शुगर में लगतार उतार-चढ़ाव होता है और ऐसा लंबे समय तक होने से उन्हें कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। डायबिटीज के लक्षण में ज्यादा प्यास लगना, पेशाब आना, वजन कम होना, थकान और कम दिखना आदि शामिल हैं।

**कॉफी :** बहुत से लोगों को रोजाना सुबह कॉफी या चाय पीने का शौक होता है। ध्यान रहे कि इससे आपका ब्लड शुगर बढ़ सकता है। इसके बजाय आप ब्लैक टी या ग्रीन टी ले सकते हैं। हालांकि, कैफीन अलग-अलग लोगों को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है, अगर आपको डायबिटीज है, तो आपको अपने कैफीन का सेवन सीमित करना चाहिए।



**ड्राई फ्रूट्स :** किशमिश और क्रैनबेरी जैसे सूखे मेवों में चीनी की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा इनमें कार्बोहाइड्रेट और नैचुरल शुगर की मात्रा भी ज्यादा होती है। इनके अधिक सेवन से आपका ब्लड शुगर बढ़ सकता है। एक्सपर्ट मानते हैं कि आपको मुट्ठी भर या लगभग 30 ग्राम तक ही सेवन करना चाहिए।

**सफेद ब्रेड :** सफेद ब्रेड और यहां तक कि सफेद चावल में सिंपल कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो शरीर द्वारा आसानी से टूट जाते हैं और ग्लूकोज में बदल जाते हैं। इसके अलावा, इनमें थोड़ा फाइबर होता है और फाइबर वास्तव में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने में मदद करता है। सफेद ब्रेड के मामले में भी ऐसा ही होता है जिसमें केवल मैदा होता है और पास्ता और नूडल्स के साथ भी।

**रेड मीट :** कई अध्ययनों से पता चला है कि रेड मीट और प्रोसेस्ड मीट जैसे बेकन और हैम सभी में सैचुरेटेड फैट की मात्रा अधिक होती है, जो आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, बहुत अधिक प्रोटीन आपके इंसुलिन के स्तर को भी बढ़ा सकता है।

**दूध :** दूध और अन्य डेयरी उत्पाद निश्चित रूप से आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाने का काम करते हैं। दूध में लैक्टोज होता है, जो एक प्रकार की चीनी है जो आसानी से पच जाती है। लेकिन इसमें प्रोटीन भी होता है जो इस प्रतिक्रिया का प्रतिकार करने में सक्षम हो सकता है और इसलिए, कम मात्रा में दूध पीना ठीक है।

**मसालों के साथ दूध का सेवन :** दूध और अन्य डेयरी उत्पाद निश्चित रूप से आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाने का काम कर सकते हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि अगर आप मसाले वाला भोजन करते हैं, तो आपको उसके बाद दूध या अन्य डेयरी उत्पादों के सेवन से बचना चाहिए।

**केला :** केला, अंगूर, चेरी और आम जैसे कुछ फल कार्बोहाइड्रेट और चीनी से भरे होते हैं और आपके ब्लड शुगर को बढ़ाने का काम करते हैं। इसकी वजह है इनमें पाई जाने वाली नैचुरल शुगर है। ये सभी हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फल हैं, जो किसी विशेष भोजन को खाने के बाद ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाते हैं।

# हींग और घी के लेप से सिरदर्द की परेशानी होगी दूर

देसी घी और हींग खाने का स्वाद बढ़ाने में काफी असरदार हो सकती है। आयुर्वेद में हींग का इस्तेमाल स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। खासतौर पर यह पाचन तंत्र के लिए काफी फायदेमंद होती है। वहीं, घी की बात कि जाए तो यह आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। साथ ही इसके सेवन से शरीर को गर्म रखा जा सकता है, जो सर्दी-जुकाम की समस्याओं को दूर कर सकता है। हींग और घी का लेप स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों को कम कर सकता है। खासतौर पर इससे शरीर के तापमान को कम कर सकते हैं। यह सिरदर्द, आंखों में सूजन और पेट संबंधी परेशानियों को कम कर सकता है।



**शरीर को अंदर से रखता है गर्म :** सर्दियों या फिर मॉनसून के सीजन में हाथ-पैर ठंडे होने पर देसी घी और हींग के अपने पैरों के तलवे और हाथेलियों पर लगाएं। इससे शरीर को गर्मी मिलती है। साथ ही हाथ-पैर ठंडे होने की परेशानी कम हो सकती है।

**पेट की ऐंठन करे दूर :** पीरियड्स के दौरान पेट की ऐंठन, दर्द, मरोड़ को कम करने के लिए पेट पर घी और हींग का लेप लगाएं। इससे ऐंठन कम होगी। इसका इस्तेमाल करने के लिए घी को हल्का सा गर्म कर लें। इसमें हींग को मिलाएं और अपनी नाभि पर लगाएं। इससे पेट की ऐंठन और दर्द कम हो सकती है।

**गैस से राहत :** पेट के आसपास घी और हींग का लेप लगाने से गैस की समस्या को दूर किया जा सकता है। खासतौर पर अगर आपका बच्चा गैस से जूझ रहे हैं, तो आप इस नुस्खे को आजमा सकते हैं।

**पाचन को करता है दुरुस्त :** हींग और घी का लेप पाचन को दुरुस्त रखने में आपकी मदद कर सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए देसी घी और हींग को मिक्स कर लें। अब इसे नाभि पर लगाकर थोड़ी देर के लिए मालिश करें। इससे पाचन शक्ति मजबूत हो सकती है।

**सिरदर्द करे कम :** सिर दर्द को कम करने के लिए हींग और घी का लेप फायदेमंद हो सकता है। सिरदर्द होने पर हींग और घी को मिक्स कर लें। इसके बाद इसे अपने सिर पर लगाएं और कुछ देर के लिए छोड़ दें। इससे आपको काफी रिलैक्स महसूस होगा, जो सिर के दर्द को कम कर सकता है।

# पुरुषों की कमजोरी दूर करने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

कई पुरुष अपने बाहर निकले पेट से परेशान रहते हैं। वहीं कुछ पुरुष ऐसे भी हैं, जिनका शरीर काफी दुबला-पतला और कमजोर है। ऐसे में पुरुष अपनी ताकत को बढ़ाने के लिए तरह-तरह के सप्लीमेंट्स और प्रोटीन पाउडर लेना शुरू कर देते हैं। लेकिन कई पुरुषों में इनका साइड इफेक्ट भी देखने को मिलता है। ऐसे में आप चाहें तो कुछ घरेलू उपायों की मदद से अपनी ताकत बढ़ा सकते हैं और शरीर को मजबूत बना सकते हैं।



### लहसुन का सेवन करें

अगर आपका शरीर काफी दुबला-पतला है और आप हर समय कमजोरी महसूस करते हैं, तो अपनी रेगुलर डाइट में लहसुन शामिल कर सकते हैं। पुरुषों के लिए लहसुन को काफी लाभकारी माना जाता है। अपनी शारीरिक ताकत को बढ़ाने के लिए आप रोजाना सुबह खाली पेट लहसुन का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए आप लहसुन की 3-4 कलियां लें। इसे छीलकर गुनगुने पानी के साथ खा लें। रोजाना ऐसा करने से आपको ताकत मिलेगी और कई स्वास्थ्य समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा।

### नट्स और बीज लें

नट्स और बीज सभी के लिए लाभकारी माने जाते हैं। अगर आपका शरीर दुबला-पतला है और आपको कमजोरी महसूस होती है, तो इस स्थिति में आपको नट्स और सीड्स का सेवन जरूर करना चाहिए। इसके लिए आप बादाम, काजू, किशमिश, अखरोट, ड्राई अंजीर आदि ले सकते हैं। साथ ही सूरजमुखी, खरबूजा, कद्दू और अलसी के बीजों का भी सेवन कर सकते हैं। इन सभी को डाइट में शामिल करके आपको पूरी ताकत मिलेगी। आप स्वस्थ और फिट महसूस करेंगे।

### साबुत अनाज खाएं

कई लोग फास्ट फूड, जंक फूड, कैफीन या एल्कोहल का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं। इससे भले ही आपका वजन बढ़ रहा हो, लेकिन आपको शारीरिक ताकत नहीं मिल पाती है। अगर आप मजबूती और ताकत चाहते हैं, तो इन सभी चीजों के बजाय अपनी डाइट में साबुत अनाज शामिल करना शुरू कर दें। साबुत अनाज सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इससे आपकी कई समस्याएं धीरे-धीरे दूर होने लगेंगी।

### अश्वगंधा खाएं

आयुर्वेद में अश्वगंधा को पुरुषों के लिए काफी फायदेमंद बताया गया है। अश्वगंधा प्रोटीन, ऊर्जा, आयरन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होता है। अगर आपको कमजोरी महसूस होती है, तो आप रोजाना अश्वगंधा का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए आप एक गिलास गर्म दूध लें और इसमें 1-2 चम्मच अश्वगंधा पाउडर मिला लें। अब आप इसे रोजाना रात को सोते समय पी सकते हैं। दूध के साथ अश्वगंधा मिलाकर लेने आपका वजन धीरे-धीरे बढ़ेगा। साथ ही कमजोरी, थकान दूर होगी और ताकत मिलेगी।

### रेगुलर डाइट में शामिल करें केला

अगर आप अपनी शारीरिक ताकत को बढ़ाना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में केला जरूर शामिल करें। केला एक सुपरफूड है, इसमें ऊर्जा और कार्बोहाइड्रेट होता है।

# चेहरे पर कच्चा दूध-हल्दी लगाने के फायदे

कई लोग अपने स्किन को खूबसूरत और बेदाग बनाने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। स्किन की रंगत निखारने के लिए आप कच्चे दूध और हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह कॉम्बिनेशन स्किन की इलास्टिसिटी बढ़ाता है और त्वचा को टाइट बनाता है। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल, आयरन, एंटीफंगल, विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट, मैग्नीशियम, कॉपर, जिंक जैसे तत्व मौजूद होते हैं। वहीं, दूध में विटामिन ए और बी की प्रचुर मात्रा पाई जाती है, जो स्किन टोनर का काम करते हैं। आप कई तरीकों से स्किन के लिए कच्चे दूध और हल्दी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पिंपल्स को ठीक करे :** आजकल के गलत खानपान और दिनचर्या के कारण हमारी स्किन पर कई तरह के दाग-धब्बे और पिंपल्स नजर आते हैं। ऐसे में आप इन



समस्याओं को दूर करने के लिए कच्चा दूध और हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे स्किन बेदाग और पिंपल्स फ्री नजर आती है। आयली स्किन के लिए भी ये काफी अच्छा फेसपैक साबित हो सकता है।

**स्किन को मॉइस्चराइज करे :** अगर आपकी स्किन रूखी और बेजान नजर आती है, तो इसके लिए आप कच्चा दूध और हल्दी को मिक्स करके लगा सकते हैं। यह स्किन के लिए नैचुरल टोनर का काम करता है। इसे आप रात में सोने से कुछ देर पहले लगाएं और इसे 10 मिनट बाद धो लें। इससे स्किन पर ग्लोइंग नजर आती है।

**झुर्रियों को दूर करे :** उम्र बढ़ने के साथ स्किन पर झुर्रियां और रिंकल्स दिखाई देने लगते हैं। इससे आपका लुक खराब हो सकता है। इसे दूर करने के लिए आप कच्चा दूध और हल्दी पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इससे आपकी झुर्रियां और फाइन लाइन्स दूर हो सकते हैं। ये कॉम्बिनेशन कोलेजन का उत्पादन बढ़ाता है, जिससे बढ़ती उम्र का असर चेहरे पर नजर नहीं आता।

**टैनिंग दूर करने में मददगार :** हल्दी में दूध मिलाकर चेहरे पर लगाने से टैनिंग की शिकायत दूर हो सकती है। कच्चा दूध एक एंटी-टैनिंग के रूप में काम करता है, जो स्किन की रंगत को निखारने और मॉइस्चराइज करने में सहायता करता है।

# बालों को बनाना है घना और मजबूत, तो करें सही कंघी का चुनाव

बालों को लंबा और चमकदार बनाने के लिए हम कई करह के महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग बालों की समस्याओं से परेशान होकर घरेलू उपाय से लेकर हेयर स्पा तक न जाने क्या-क्या ट्राई करते हैं, लेकिन एक छोटी सी चीज को नजरअंदाज कर देते हैं और वो है कंघी। बालों के लिए कौन सी कंघी इस्तेमाल करनी चाहिए इस बात की न तो लोगों को ज्यादा जानकारी होती है और न ही उनका इस पर ध्यान जाता है। जिस कारण अच्छे और महंगे प्रोडक्ट्स के इस्तोल के बाद भी बालों की ग्रोथ ठीक से नहीं हो पाती। कंघी बालों को सुलझाने के साथ ही स्कैल्प को हेल्दी रखने का भी काम करती है।

**पतले या हल्के बाल :** ऐसे बाल पहले से हल्के रहने के कारण इन बालों पर ऐसी कंघी का इस्तेमाल करना चाहिए, जो बालों को वैल्यूम दें। इसके लिए आप पतले, छोटे और घने ब्रिसल्स वाली कंघी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये कंघी बालों को बाउंसी बनाने में मदद करेगी, जिससे बाल घने बनेंगे। घने ब्रिसल्स वाली कंघी से आप आसानी से बाल सुलझा भी सकते हैं।

**कर्ली बालों के लिए :** कर्ली बालों की केयर करना थोड़ा मुश्किल होता है क्योंकि इन्हें सुलझाने के लिए खासी मशक्कत करनी पडती है। कर्ली बाल ज्यादातर ड्राई ही होते हैं, जिस कारण ये उलझते काफी ज्यादा हैं। ऐसे बालों के लिए नायलॉन के चौड़े ब्रिसल्स वाली कंघी का इस्तेमाल कर सकते हैं। चौड़े ब्रिसल्स की मदद से आपके बाल कम टूटेंगे, जिससे बालों को नुकसान कम होगा।

**सीधे बालों के लिए :** इस तरह के बालों की केयर करना काफी आसान होता है क्योंकि ये सीधे होते हैं, तो उलझते भी कम हैं। फ्लैट पैडल ब्रश ऐसे बालों के लिए अच्छे होते हैं। बालों पर जोर देकर कंघी न करें। इससे बाल टूटने का खतरा बना रहता है।

# महिलाएं वजन बढ़ाने के लिए करें घर पर बने इन प्रोटीन पाउडर का सेवन

जिस तरह लोग मोटापे से परेशान रहते हैं, वैसे ही कुछ लोग अपने कम वजन से भी परेशान रहते हैं। दुबला-पतला और कमजोर शरीर आपको शर्मिंदगी महसूस करवाता है, साथ ही आपके कॉन्फिडेंस लेवल को भी गिराता है। ऐसे में अधिकतर लोग वजन बढ़ाने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर का सेवन करने लगते हैं। मार्केट में मिलने वाला प्रोटीन पाउडर आपके वजन को तेजी से बढ़ा सकता है, लेकिन इसे हेल्दी वेट गेन नहीं माना जाता है।



### चिया सीड्स और बादाम प्रोटीन पाउडर

- चिया सीड्स और बादाम प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए आपको कद्दू के बीज, सरसों के बीज, अलसी के बीज, जई, चना दाल की भी जरूरत पड़ेगी।
- इस प्रोटीन पाउडर को बनाने के लिए बादाम को धीमी आंच पर भून लें। लेकिन ये जलने नहीं चाहिए।
- इसके बाद अलसी के बीज, कद्दू के बीज, सूरजमुखी के बीज और ओट्स को एक पैन में धीमी आंच पर अलग-अलग भून लें।
- जब सभी सामग्री को भून लें, तो फिर खुली सतह पर ठंडा होने के लिए रख दें।
- इन सभी को एक जार में डालें और ब्लैंड कर लें। ग्राइंड करके बारीक पाउडर बना लें।
- पाउडर को एक एयरटाइट कंटेनर में डाल दें और फिर अपनी जरूरत के अनुसार लेती रहें।

### ड्राई फ्रूट्स प्रोटीन पाउडर

- ड्राई फ्रूट्स प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए आपको काजू, बादाम, किशमिश, अखरोट और पिस्ता की जरूरत पड़ेगी।
- अब इस सभी ड्राई फ्रूट्स को अलग-अलग करके भून लें। इन बिल्कुल भी जलने न दें, इससे प्रोटीन पाउडर से महक आ सकती है।
- इन सभी को एक जार में डालें और अच्छी तरह से ब्लैंड कर लें।
- जब ड्राई फ्रूट्स का बारीक पाउडर बन जाएं, तो एयरटाइट कंटेनर में डाल दें।
- अब आप इस प्रोटीन पाउडर को रोजाना दूध के साथ ले सकते हैं।

### ओट्स और पीनट प्रोटीन पाउडर

- आप घर पर ओट्स और पीनट से भी प्रोटीन पाउडर बना सकते हैं।
- इसके लिए आपको कोको पाउडर, चॉकलेट मिक्स आदि की भी जरूरत पड़ती है।
- इसके लिए आप पीनट को छीलकर रोस्ट कर लें।
- इसके बाद ओट्स और पीनट को अच्छी तरह से ग्राइंड कर लें और बारीक पाउडर बना लें।
- अब इस पाउडर में अन्य सामग्री में मिला लें।
- इस पाउडर को एयरटाइट कंटेनर में डाल दें।
- आप पीनट के इस प्रोटीन पाउडर को दूध के साथ मिलाकर ले सकते हैं।

# गले में दर्द और खराश से हैं परेशान तो पहले जान लें इसके ये कारण

मानसून का मौसम अपने साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में सिर्फ सर्दी-जुकाम ही नहीं होता है, बल्कि कुछ लोगों को गलत खान-पान के चलते गले में खराश व गले में दर्द की शिकायत भी होती है। यह एक ऐसी समस्या है, जिसमें व्यक्ति काफी असहज महसूस करता है और उसके लिए कुछ भी खाना-पीना काफी मुश्किल हो जाता है। कुछ लोगों को लगता है कि गले में खराश या दर्द की समस्या सिर्फ बाहर के खाने के कारण ही होती है, जबकि ऐसा नहीं है।



### गले में खराश के कारण

- वायरस, जैसे कि वे जो सामान्य सर्दी, इन्फ्लूएंजा, खसरा, चेचक और गले में खराश का कारण बनते हैं।
- बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण गले में खराश होना आम बात है।
- एलर्जी और एनवायरनमेंटल फैक्टर, जैसे पोलन, घास और पालतू जानवरों की रूसी आदि भी व्यक्ति के गले को परेशान का सकती है।
- पर्यावरण में मौजूद केमिकल्स व इरिटेंट जैसे सिगरेट और तंबाकू का धुआं, क्लीनिंग प्रोडक्ट, एयर पाल्यूटेंट व अन्य केमिकल्स गले में खराश व दर्द की वजह बन सकते हैं।

### गले में खराश के लक्षण

- गले में खरोंच और जलन महसूस होना।
- सूखा गला महसूस होना।
- निगलने या बात करने पर दर्द बढ़ जाना।
- गले का लाल दिखाई देना।

### अपनाएं यह उपाय

- खूब पानी पीएं और हाइड्रेटेड रहें। हाइड्रेटेड रहने से कंजेशन को कम करने, बलगम के पतले स्राव को कम करने और गले को नम रखने में मदद मिल सकती है।
- गर्म नमक के पानी से गरारे करने से भी सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।
- गर्म तरल पदार्थ पिएं, जो आपके गले को आराम पहुंचाएं, जैसे शहद के साथ गर्म चाय, गर्म सूप, नींबू के साथ गर्म पानी या हर्बल चाय आदि।
- 1 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर को 240 मिली पानी में मिलाएं। सिरके में मौजूद एसिड गले में बैक्टीरिया को मार सकता है और गले की खराश को शांत कर सकता है।

## भगवान परशुराम जयंती आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर में रविवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। पंडित सुभाष शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह सवा ग्यारह बजे भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान परशुराम को भोग अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पारणा कार्यक्रम आयोजित, तपस्वी नाहर का हुआ सम्मान



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के पंचौलियों की पोल में पारणा कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां अरविंद नाहर ने जैन धर्म की कठिन एवं पुण्यदायी साधना अढ़ाई तप को सफलतापूर्वक पूर्ण कर क्षेत्र में तप, संयम और आस्था का संदेश दिया है। अरविंद स्वर्गीय कन्हैयालाल नाहर के पुत्र हैं। उनके इस तप को लेकर समाज में विशेष उत्साह का माहौल नजर आया। जैन धर्म में अढ़ाई तप को अत्यंत कठिन साधना माना जाता है, जिसमें साधक लगातार उपवास, संयम और अनुशासन का पालन करते हुए आत्मशुद्धि तथा आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में अग्रसर होता है। इस तप के दौरान नाहर ने श्रद्धा और धैर्य का परिचय देते हुए सभी नियमों का पूर्ण पालन किया। तप के दौरान आठ दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद एवं तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में भजनए स्तवन और भक्ति कार्यक्रम हुए, जिनमें समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अढ़ाई तप पूर्ण होने पर पारणा कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर लाडनूं तहसीलदार अनिरुद्ध देव पांडे ने नाहर का शोल ओढाकर सम्मान किया। इस दौरान गौतम नाहर, उम्मेद बोकाडिया, आलोक खटेड़, सुरेश मोदी, मन्नालाल बेद, जौहरी मल दूगड़, उम्मेद नाहर, सुनील बोहरा, व्यवसायी सुमित जांगिड़, निदेशक दिनेश धेड़ू, खुबचंद सिंधी, डॉ. वीरेंद्र मंगल भाटी सहित गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान आचार्य महाश्रमण आवास व्यवस्था समिति द्वारा तपस्वी अरविंद नाहर का अभिनंदन एवं अनुमोदन किया गया।

## पाण्डुलिपियों के डिजिटाइजेशन के लिए जिला स्तर पर अभियान शुरू

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मठों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों एवं निजी संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध भारत की विभिन्न विषयों की पाण्डुलिपि विरासत का सर्वेक्षण, संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्य किया जाना है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पाण्डुलिपियों का डिजिटाइजेशन कर उनका संरक्षण करना है। पाण्डुलिपियों के रूप में संरक्षित प्राचीन ज्ञान परम्परा को डिजिटाइजेशन के माध्यम से सुरक्षित किए जाने की यह एक महत्त्वपूर्ण परियोजना है, जिसके अंतर्गत मंदिरों, पुस्तकालयों एवं मठों में रखी पाण्डुलिपियों की खोज कर उनकी सूची तैयार की जानी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि विरासत संरक्षण के इस अनूठे कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के कार्य के लिए जिला स्तर पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सीकर को नोडल अधिकारी तथा संग्रहाध्यक्ष, राजकीय संग्रहालय, सीकर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही निजी संग्रहकर्ताओं से अपील की गई है कि उनके पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों के संबंध में नोडल अधिकारी को सूचना दें ताकि अधिकाधिक पाण्डुलिपियों के डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा सके।

## गोविंददेवजी मंदिर में 20 को मनेगी अक्षय तृतीया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आराध्य देव श्री गोविंददेवजी मंदिर में आगामी 20 अप्रैल सोमवार को वैशाख शुक्ल तृतीया के अवसर पर अक्षय तृतीया आखा तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा । इस पावन दिन को मंदिर में श्चंदन यात्रा उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है । मंदिर प्रशासन के अनुसार अक्षय तृतीया पर मंगला झांकी के पश्चात मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा । अभिषेक के बाद ठाकुरजी को विशेष चंदन का लेप धारण कराया जाएगा । इसके पश्चात नवीन केसरिया धोती-दुपट्टा, विशेष अलंकार और दिव्य मयूर सिरपेच से ठाकुरजी का मनमोहक श्रृंगार होगा । वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए ठाकुरजी को शीतलता प्रदान करने के लिए अक्षय तृतीया से दैनिक सेवा में परिवर्तन किया जाएगा। इत्र सेवारू ठाकुरजी की सेवा में मोगरा, गुलाब और खस के इत्र का उपयोग शुरू होगा। फव्वारे और कूलररू ठाकुरजी के सम्मुख फव्वारे चलाए जाएंगे और गर्भगृह में कूलर-पंखों की सेवा भी प्रारंभ की जाएगी। पोशाक : ठाकुरजी को सुबह के समय धोती-दुपट्टा धारण कराया जाएगा। इस विशेष दिन ठाकुरजी को 5 प्रकार के ऋतु फलों और मोतिया बेसन के लड्डुओं का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा ।

## 45 हजार का सामान चोरी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पशु चिकित्सा स्वास्थ्य कार्यालय में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पशुधन निरीक्षक भरत कुमार सैनी ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाकर पुलिस को बताया है कि भंडार कक्ष से करीब 45 हजार रूपए का सामान चोरी हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इंजन-चेचिस और नंबर प्लेट बदलने वाला शातिर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में वाहन चोरी और फर्जीवाड़े के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए जालूपुरा थाना पुलिस ने दिल्ली से चोरी की गई स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया है। पुलिस ने गाड़ी के इंजन, चेचिस और नंबर प्लेट बदलकर उसका अवैध उपयोग करने वाले शातिर गिरोह के सदस्य विक्रम जांगिड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विक्रम जांगिड़ मूल रूप से जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के नाथावाला का रहने वाला है और वर्तमान में वैशाली नगर में किराए के मकान में रह रहा था। आरोपी के कब्जे से हरियाणा नंबर की चोरी की स्कॉर्पियो बरामद की गई है, जिसे दिल्ली से चोरी करने के बाद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चलाया जा रहा था।

### ट्रैफिक जांच से हुआ पूरे मामले का खुलासा

मामले का खुलासा उस समय हुआ जब ट्रैफिक पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में स्कॉर्पियो को रोका। पुलिस द्वारा दस्तावेजों की जांच के दौरान गाड़ी पर लगा हरियाणा नंबर संदिग्ध पाया गया। जब दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तो पता चला कि यह स्कॉर्पियो दिल्ली से चोरी की गई थी। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने मामले की सूचना जालूपुरा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब गाड़ी के चेचिस नंबर का मिलान किया तो वह भी किसी अन्य वाहन से मेल खाता पाया गया। विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को वाहन सहित हिरासत में ले लिया।

### फर्जी नंबर प्लेट और बदले चेचिस से चल रहा था खेल

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी और उसके साथी चोरी की गई गाड़ियों की पहचान छिपाने के लिए अन्य रजिस्टर्ड वाहनों की नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते थे। इसके अलावा इंजन और चेचिस नंबर भी बदलकर गाड़ियों को सड़कों पर चलाया जाता था ताकि किसी को शक न हो। शिकायतकर्ता ने भी पुलिस को बताया कि उसकी गाड़ी के नंबर का दुरुपयोग किया जा रहा था। जिसके बाद पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू की गई।

### गिरोह के बड़े नेटवर्क की आशंका

पुलिस को आशंका है कि यह मामला किसी एक आरोपी तक सीमित नहीं है बल्कि इसके पीछे एक संगठित वाहन चोरी गिरोह सक्रिय है, जिसके तार बड़े शहरों से जुड़े हो सकते हैं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि चोरी की गाड़ियों को काटकर उनके पुर्जे अलग-अलग वाहनों में री-असेंबल कर बेचा जा रहा है। बरामद स्कॉर्पियो में लगे पुर्जे भी अलग-अलग कंपनियों के पाए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वाहन को कई हिस्सों में जोड़कर तैयार किया गया था।

### दलाल और कबाड़ी नेटवर्क की तलाश जारी

पुलिस का मानना है कि पूरे देश से चोरी की गई गाड़ियों को सस्ते दामों का झांसा देकर बेचा जा रहा है। बाद में इन वाहनों को काटकर कबाड़ियों को बेच दिया जाता है या उनके पार्ट्स अलग-अलग वाहनों में इस्तेमाल किए जाते हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि इस पूरे रैकेट में वाहन चोरी करने वाले, फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले दलाल और कबाड़ी शामिल हो सकते हैं। पुलिस अब इस सप्लाई नेटवर्क की गहराई से पड़ताल कर रही है।

### आगे और गिरफ्तारियों की संभावना

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरुआती गिरफ्तारी केवल एक कड़ी है और आने वाले दिनों में इस वाहन चोरी सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी संभव है। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके।

## भाजपा नेता पूनिया ने किया कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा नेता महावीर पूनिया ने कृषि उपज मंडी प्रांगण तारानगर में समर्थन मूल्य पर रबी फसलें खरीद को लेकर क्षेत्र से आए किसानों से मुलाकात कर उनके सामने अपनी फसलें यथा चना आदि बेचने में तुलाई में अधिक समय लगने एव किसानों के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार करने से मंडी में किसान अपनी फसल बेचने के लिए 3-4 दिन से इंतजार में बैठे रहे है। पूनिया ने किसानों के सामने आ रही इन शिकायतों पर सहकारिता विभाग के अधिकारियों एव तुलाई ठेकेदार तथा समिति कर्मचारियों को मौके पर ही बुलाकर विस्तृत वार्ता कर समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश



दिए। ताकि कृषि मंडी में आने वाले प्रत्येक किसान की फसल विशेषकर चना एवं सरसों की तुलाई समय पर और सुचारु रूप से सुनिश्चित हो सके। पूनिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ किसान हितों के संरक्षण और उनकी उपज का उचित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए निरंतर निगरानी और समन्वय बनाए रखने के लिए सरकार तत्पर है किसानों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म पर सख्त सजा, 20 साल जेल व जुर्माना

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पोक्सो न्यायालय झुंझुनू के न्यायाधीश इसरार खोखर ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के आरोपी जितेंद्र कुमार उर्फ कालू को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं इस मामले में एक अन्य आरोपी को न्यायालय ने बरी कर दिया। राज्य सरकार की ओर से पैरवी कर रहे विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू ने बताया कि 30 मई 2023 को पीड़िता के गांव में सवामणी का आयोजन था। पीड़िता जब अकेली खाना खाने जा रही थी, तभी रास्ते में एक गाड़ी में बैठे आरोपियों ने उसे जबरदस्ती बैठा लिया। इसके बाद उसे नीमकाथाना ले जाकर डराया-धमकाया गया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। बाद में आरोपी पीड़िता को बस के जरिए जयपुर ले गए, जहां उसे दो-तीन दिन तक रखा गया और मुख्य आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता को महाराष्ट्र के बीड जिले के मादल मोई नामक स्थान पर ले जाकर कमरे में रखा गया, जहां उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाहों के बयान और 40 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण करते हुए मुख्य आरोपी को दोषी ठहराया और विभिन्न धाराओं में क्रमशः 7 वर्ष, 5 वर्ष व 2 वर्ष के कठोर कारावास की सजा भी सुनाई, जिन्हें साथ-साथ भुगतने के आदेश दिए गए। साथ ही कुल 95 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। वही सह-आरोपी माडूराम उर्फ रोहिताश्व को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया।

## फूड पॉइजनिंग की सूचना पर टीम ने लिए मावा-दूध के 10 नमूने

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने फूड पॉयजनिंग की सूचना पर बस्सी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए मावा और दूध सहित 10 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल के नेतृत्व में टीम नई कोठी की ढाणी, इसरवाला तहसील बस्सी पहुंची। यहां बुद्धाराम सैनी के घर लगन टीका कार्यक्रम में करीब 800 लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई थी। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में मिश्री मावा, बर्फी, रसगुल्ला, दही, रायता, लड्डू, पूड़ी, नमकीन और आलू-मटर की सब्जी परोसी गई थी। भोजन करने के बाद कई लोगों की तबीयत खराब होने पर फूड पॉयजनिंग की आशंका जताई गई।

जांच में सामने आया कि मावा चीथवाड़ी मंडी स्थित लालाराम शर्मा की मावा भट्टी से करीब 100 किलो मावा 240 रुपए प्रति किलो की दर से मंगवाया गया था। टीम ने मौके से मिश्री मावाए बर्फी सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने लिए और बची हुई करीब 35 किलो बर्फी, पूड़ी, ब्रेड पकोड़े, मिर्ची बड़े व रसगुल्ले को नष्ट करवाया। साथ ही संबंधित मावा सप्लायर की सूचना सीएमएचओ जयपुर प्रथम को भी दी गई। आखा तीज के बड़े सावे को देखते हुए टीम ने बस्सी क्षेत्र में मावा भट्टियों का सघन निरीक्षण भी किया। इस दौरान अखेपुरा स्थित मैसर्स



राधागोविंद मावा भंडार और मैसर्स गणेश मावा भंडार से मावा के नमूने लिए गए।

वहीं मैसर्स राधा कृष्णा ब्रांड मावा उद्योग से मिश्री मावा और दूध के नमूने लिए गए। इसके अलावा बस्सी सामरिया रोड स्थित मैसर्स बालाजी मावा भंडार तथा हिंगोनिया स्थित मैसर्स नारायण मावा वाले से भी मावा और दूध के नमूने एकत्रित किए गए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान और राजेश नागर शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि मिलावट के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तेजेश्वर महादेव मंदिर एवं श्रीराम दरबार का प्रथम पाटोत्सव आज

**जयपुर ( नवयत्न )।** सोडाला स्थित वीर तेजाजी धाम मंदिर पुराना तेजाजी धाम परिसर में स्थित तेजेश्वर महादेव मंदिर एवं श्रीराम दरबार में रविवार, 19 अप्रैल को प्रथम पाटोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर पुजारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि पाटोत्सव के तहत सुबह 9 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा वैकुण्ड धाम से प्रारंभ होकर अजमेर रोड और न्यू सांगानेर रोड होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।


### नाम परिवर्तन

मैं नरेश कुमार पुत्र सत्य नारायण शर्मा निवासी-ढ़ाणी चारण पोस्ट-बिरमी तहसील-बिसाऊ जिला-झुंझुनूं राज.। मेरे पासपोर्ट नं पी3837078 में मेरा नाम नरेश NARESH दर्ज है जिसे बदलकर मैने मेरा नाम नरेश कुमार NARESH KUMAR रख लिया है। अतः इसे मेरे पासपोर्ट में दुरूस्त करें। भविष्य में इसी नाम से जाना जावें।


## सनसनीखेज हत्याकांड से क्षेत्र में रोष

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नागौर जिले के श्रीबालाजी थाना क्षेत्र के ग्राम धुंधवालों की ढाणी अलाय निवासी मनीष जांगू पुत्र लुणाराम जांगू की निर्मम हत्या की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। अज्ञात हत्यारों द्वारा हत्या के बाद शव को नोखा के बंधड़ा क्षेत्र की सुनसान रोही में फेंक देना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। घटना के बाद शव को नोखा के बागड़ी जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों ने साफतौर पर मांग रखी है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया जाएगा। इसी मांग को लेकर आज परिजन व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में बागड़ी जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे लोगों की एक ही मांग है कि हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। मृतक के पिता लुणाराम जाट ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई हैए लेकिन अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई हैए जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। धरने में नागौर प्रधान श्रवण मेघवाल, आरएलपी नागौर जिलाध्यक्ष हनुमान भाकर, मंगनाराम



केडली, नागौर उपप्रधान खियाराम रहड़, सरपंच संघ नोखा अध्यक्ष पुरखाराम मेघवाल, काहिरा सरपंच रामदेव शिवराण, मकोड़ी सरपंच भंवरलाल जांगू, धुंधवालों की ढाणी सरपंच भंवर गोदारा, सेवड़ी सरपंच रामेश्वर तरड़, सोमलसर के लिच्छूराम सारण, मोडाराम जांगू, आरपीएल नेता तिलोक खिलेरी, अशोक जांगू, पोकरराम गोदारा, केवीएस अध्यक्ष अलाय नेमाराम धुंधवाल, श्यामलाल सियाग, पुखराज लॉयल साँवर मेघवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मुरली गोदारा ने जानकारी दी।


**कार्यालय प्रधानाचार्य स्वतंत्रता सेनानी श्री रिछपाल राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कासिमपुरा जिला झुंझुनूं**

क्रमांक:- 1108 दिनांक :-18.04.2026

निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय में आईसीटी लैब के नकारा/अक्रियाशील उपकरण जिसका पुस्तक मुल्य 142050 रूपये है, की सार्वजनिक निलामी विद्यालय परिसर में दिनांक 01.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे गठित कमेटी द्वारा की जायेंगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्टर्ड एवं जीएसटी होल्डर व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते है। निलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती है।

प्रधानाचार्य<br>
स्वतंत्रता सेनानी श्री रिछपाल राम<br>
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय<br>
कासिमपुरा (झुंझुनू)

**कार्यालय पीईईओ/प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर**

पत्रांक : 16 दिनांक : 18.04.2026

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय में आईसीटी लैब के नकारा/अक्रियाशील उपकरण जिसका पुस्तक मूल्य 182550 है कि सार्वजनिक निलामी विद्यालय परिसर में दिनांक 01.05.2026 को 10:00 बजे इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जावेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्टर्ड एवं जीएसटी होल्डर व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकता है। निलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती हैं।

प्राचार्य<br>
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय<br>
ब्लॉक व जिला झुंझुनू (राजस्थान)

**कार्यालय-प्रधानाचार्य राउमावि अजाड़ी कला**

क्रमांक : 431 दिनांक : 18.04.26

निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय में आईसीटी लैब के नकारा/अक्रियाशील उपकरण जिसका पुस्तक मूल्य 100200.00 है कि सार्वजनिक निलामी विद्यालय परिसर में दिनांक 06.05.2026 को 10:00 बजे इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जावेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्टर्ड एवं जीएसटी होल्डर व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकता है। निलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती हैं।

प्रधानाचार्य<br>
महात्मा गांधी राज. स्कूल<br>
(अंग्रेजी माध्यम)<br>
अजाड़ी कला, झुंझुनू


## बधाई : पायल जांगिड़ को दूसरे प्रयास में मिली आरएएस में सफलता

निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** पिलानी के लिए गौरवान्वित करने वाला पल की गांव डिंगली हाल कस्बे के गणेश कॉलोनी निवासी पायल जांगीड़ सुपुत्री विनोद कुमार जांगीड़ ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा में 323वी रैंक हासिल की है । विदित हो पायल जांगीड़ पिलानी की प्रतिष्ठित स्कूल टैगोर पब्लिक स्कूल के निदेशक सत्यवीर जांगिड़ की भतीजी हैं।

पायल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा टैगोर पब्लिक स्कूल से प्राप्त कर बीके बिरला कॉलेज से बीएससी में स्नातक किया। पायल ने अपनी इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व बड़े



पापा सत्यवीर जांगीड़ को दिया जिनके मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया। इस उपलब्धि को लेकर पायल के घर खुशी का माहौल है व उनको इस उपलब्धि को लेकर बधाई संदेश मिल रहे हैं । निश्चित रूप से पायल की यह कामयाबी युवाओं के लिए नजीर है कि ग्रामीण परिवेश से निकलने वाली प्रतिभाओं की कमी नहीं है। पायल के दादा जय सिंह जांगिड़, दादी मणि देवी, पापा-मम्मी विनोद जांगिड़-अनीता जांगिड़, चाचा-चाची सुमेर जांगिड़-निशा जांगिड़, प्रमोद जांगिड़, पुष्पा, नितिन जांगिड़, मितुल जांगिड़, चेतन जांगिड़, नरेन, प्राची, प्रिया, महिमा, नर्मदा, राकेश जांगिड़, संदीप जांगिड़, मिरा जांगिड़, जगमाल जांगिड़, शुभ राम जांगिड़, प्रताप जांगिड़, कृष्ण जांगिड़, विधायक पीतराम काला, भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह शेखावत, हरिकिशन जांगिड़, अंजनेश जांगिड़, भगवानराम जांगिड़, ओमप्रकाश जांगिड़, पुरुषोत्तम जांगिड़, शंभुदयाल वर्मा, महेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, प्रदीप झाझड़िया, प्रेमप्रकाश मोयल, सुरेश जांगिड़, संदीप काजला, मुकेश गुर्जर, दिलीप जांगिड़ राजगढ़, रघुवीर, जांगिड़ नेसल, रणधीर सिंह शेखावत खुडानिया सहित ने मिठाई बाट कर खुशी मनाई।

## केटीएसएस सचिव मंडल की बैठक आयोजित, सुभाष चंद्र को दी श्रद्धांजलि

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केटीएसएस कार्यालय में शनिवार को सचिव मण्डल की बैठक हुई। बैठक के दौरान शुक्रवार को केसीसी प्रोजेक्ट के कंसनट्रेटर प्लांट में हुए हादसे के दौरान ठेका कर्मी सुभाष चंद्र का देहांत होने पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी ने की। बैठक के दौरान हादसे को लेकर विचार-विमर्श किया गया साथ ही हादसे के दौरान कुछ लोग राजनीति मुद्दा बनाते हुए गलत अफवाहे फैलाई गई उसकी निंदा की गई। बिड़दूराम सैनी ने कहा कि कंसनट्रेटर प्लांट में हुए हादसे की उचित जांच कर प्राधिकारी को बताकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करवाने की मांग की जाएगी। सैनी ने बताया कि केसीसी प्रोजेक्ट में सभी सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन किया जाता है लेकिन शुक्रवार को हुए हादसे की जांच करवाई जाएगी, साथ ही मृतक सुभाष चंद्र के परिवार को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के कानून, योजना में मिलने वाले लाभ तुरन्त मिले जिससे परिवार वालों को राहत मिले। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा जैसे ठेका कामगारों के लिए कम्पनी द्वारा ग्रुप पर्सनल एक्सीडेन्ट पॉलिसी, कम्पनसेसन एक्ट में मिलने वाला मुआवजा, भविष्य निधि, पेंशन एंव ईडीएलआई आदि योजनाओं का लाभ मिले। सैनी ने बताय कि कंसनट्रेटर प्लांट में हुए हादसों को लेकर कुछ लोग कंपनी की गरीमा को खराब करने के लिए अफवाह तथा गलत फहमी फैलाने की कोशिश कर रहे है, जिसका सचिव मण्डल निंदा करती है। सचिव मण्डल ने बैठक के दौरान सुरक्षा संबंधित गठित कामगारों की सामूहिक मंच की समय-समय पर मीटिंग करवाने एवं मीटिंग के दौरान लिए गए निर्णयों को तुरन्त प्रभाव से लागू करने की मांग की। इस मौके पर केटीएसएस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख कर मृतक सुभाष चंद्र को श्रद्धांजलि दी। इसी प्रकार केसीएमएस कार्यालय में रविवार सुबह आठ बजे श्रद्धांजलि सभा होगी जिसमें मृतक सुभाष चंद्र को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## नॉन-अल्कोहॉलिक लोगों में तेजी से बढ़ रहा फैटी लिवर का खतरा : शर्मा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आज के समय में फैटी लिवर की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है और अब यह केवल शराब पीने वालों तक सीमित नहीं रही। नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ रहे हैं। डॉ ऋषब शर्मा लिवर रोग विशेषज्ञ, मणिपाल अस्पताल जयपुर के अनुसार उनके हालिया ओपीडी आंकड़ों में फैटी लिवर के 100 मरीजों में से लगभग 70 मरीज ऐसे हैं, जो शराब का सेवन नहीं करते, फिर भी इस बीमारी से ग्रसित हैं। डॉ शर्मा ने बताया कि गलत खान-पान, मोटापा, शारीरिक गतिविधि की कमी, तनाव और पेट की चर्बी इस बीमारी के प्रमुख कारण हैं। जंक फूड, तला-भुना भोजन, मीठे पेय पदार्थों का अधिक सेवन और लंबे समय तक बैठे रहने की आदत इसे बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि युवाओं और मध्यम आयु वर्ग के साथ-साथ अब 6-7 साल के बच्चों में भी इसके मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि नियमित व्यायाम, मसल बिल्डिंग एक्सरसाइज, जिम वर्कआउट और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से शरीर का अतिरिक्त फैट कम होता है और लिवर में जमा चर्बी धीरे-धीरे घटती है। डॉ शर्मा ने लोगों से समय रहते जांच कराने की अपील करते हुए कहा कि पेट की सोनोग्राफी के जरिए इस बीमारी का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकता है और समय पर उपचार संभव है। उन्होंने संतुलित आहार लेने, भोजन में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने, सीमित मात्रा में कॉफी सेवन करने, रात में दूध से परहेज रखने और नियमित समय पर भोजन करने की सलाह दी। साथ ही रात 8 बजे के बाद भोजन न करने और रोजाना व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया ताकि फैटी लिवर जैसी समस्या से बचा जा सके।

## सीवर लाइन में जहरीली गैस की चपेट में आए मृतक के परिजनों ने दिया धरना

### 55-55 लाख, सरकारी नौकरी और डेयरी बूथ देने पर बनी सहमति

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा थाना इलाके में शुक्रवार को बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर टैंक में उतरे दो सफाईकर्मियों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के बैनर तले शनिवार को विरोध-प्रदर्शन किया। जिसके बाद प्रशासन और सफाईकर्मी संगठनों के बीच मृतकों के परिवारों को मुआवजा, नौकरी और डेयरी बूथ देने पर सहमति बन गई। गौरतलब है कि शुक्रवार को सीवर मैनहोल की सफाई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में दो सफाईकर्मियों अजय और रामबाबू की मौत के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। इस घटना से नाराज सफाईकर्मियों ने काम बंद कर दिया। जिसके बाद शहर की सफाई व्यवस्था काफी प्रभावित हो गई। संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ, जयपुर शहर वाल्मीकि पंच कमेटी और नगर निगम प्रशासन के बीच लंबी बातचीत के बाद समाधान निकल आया है। इस समझौते में मृतकों के परिवारों को 55 लाख 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया गया। यह राशि अजय की माता छोटी देवी और रामबाबू की पत्नी पूनम देवी को दी जाएगी। इस मुआवजे में विभिन्न विभागों का योगदान रहेगा। जिसमें स्वायत्त शासन विभाग 30 लाख रुपए, नगर निगम जयपुर 10 लाख रुपए, ठेकेदार 10 लाख रुपए, मुख्यमंत्री सहायता कोष 5 लाख और विधायक गोपाल शर्मा द्वारा 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। समझौते के दिन ही दोनों परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की पहली किश्त दे दी गई। इसके बाद 18 अप्रैल को 5 लाख रुपये और आने वाले सोमवार को नगर निगम की ओर से 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। बाकी राशि भी जल्द ही जारी करने का आश्वासन दिया गया है। प्रशासन ने मृतकों के एक-एक आश्रित को संविदा पर नौकरी देने के साथ ही दोनों परिवारों को आजीविका के लिए एक-एक डेयरी बूथ भी दिया जाएगा। प्रशासन के सकारात्मक रुख के बाद यूनियन ने संतोष जताते हुए हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया।

# सीआईडी अपराध शाखा के 96 पुलिसकर्मियों मिले सर्वोत्तम, अति उत्तम व उत्तम सेवा चिह्न

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस दिवस की श्रृंखला में शनिवार को जलमहल स्थित सीआईडी (सीबी) लाइन में आयोजित समारोह में सीआईडी अपराध शाखा के 96 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सर्वोत्तम सेवा, अति उत्तम सेवा एवं उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध बिपिन कुमार पाण्डेय ने उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं देने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते हुए 30 कार्मिकों को सर्वोत्तम सेवा चिह्न, 33 को अति उत्तम सेवा चिह्न तथा 33 को उत्तम सेवा चिह्न प्रदान किए। समारोह को संबोधित करते हुए एडीजी पाण्डेय ने सम्मानित होने वाले सभी पुलिसकर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्दी पर चमकते ये सेवा चिह्न न केवल एक पुलिसकर्मी की कार्यकुशलता को दर्शाते हैं बल्कि अन्य साथियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी पुलिसकर्मी भविष्य में भी इसी ऊर्जा के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। इस दौरान महानिरीक्षक पुलिस परम ज्योति ने भी सेवा चिह्न प्राप्त करने वाले सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके कार्यों को प्रेरणादायक बताया। समारोह में उपमहानिरीक्षक प्रहलाद कृष्णिया, पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण दास एवं प्यारेलाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सर्वोत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित पुलिसकर्मी

उप निरीक्षक मनोहर सिंह, सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, पूरणमल यादव, हेड कांस्टेबल चिरंजी लाल गुर्जर, दाताराम यादव, सत्यवीर यादव, शंभू सिंह राजावत, दुलीचंद, राधेश्याम सिंह, भीमराव लोचीब, राजेंद्र कुमार यादव, दिनेश कुमार, यज्ञ देव सोनी, श्यामलाल, कांस्टेबल गणेश राम, सांवरमल, महावीर प्रसाद मीणा, मनोज कुमार आर्य, राकेश कुमार शर्मा, मोहनलाल गुर्जर, यादराम, तेजपाल सिंह, कांस्टेबल चालक हेमंत कुमार, रतनलाल मीणा, केसरी सिंह, जगदीश प्रसाद सैनी, हाकम खान, सत्यवीर सिंह एवं रमेश चंद शर्मा।

### अति उत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित पुलिसकर्मी

पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र यादव, उप निरीक्षक मोहम्मद यूसुफ खान, हेड कांस्टेबल जसाराम, अशोक कुमार, सुनीता कुमारी, आशा, ताराचंद मीणा, बनवारी लाल, हरिराम विश्नोई, शीशपाल राम सैनी, दिनेश सिंह तंवर, सुमन कुमारी, जागीराम, कांस्टेबल गिर्राज प्रसाद मीणा, लक्ष्मण सिंह, मुकेश कुमार, सतीश शर्मा, ज्योति बाला, सुभीता देवी, अशोक सिंह शेखावत, शकुंतला, सत्येंद्र कुमार शर्मा, समंदर सिंह, रामलखन, किशन सिंह, अमित कुमार, संजला देवी, पप्पू सिंह, अनिता कुमारी, बद्रीनारायण मीणा, गणपत लाल, कांस्टेबल चालक सरदार सिंह एवं हरसहाय यादव।

### उत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित पुलिसकर्मी

सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल, हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार, कांस्टेबल संजय शर्मा, सोनिया, सहीराम, लाखन सिंह जाटव, जगराम गुर्जर, अनीता यादव, सुरेंद्र कुमार ढाका, अमित, कमल, अजीत कुमार जोशी, रतन सिंह राठौड़, सविता बसेठिया, देवेंद्र सिंह, पवन कुमार, अंकित, बनेश्ता, रवि, सुभाष चंद ताखर, हरिराम चौधरी, सुनीता वर्मा, मन्दरूप जाट, कालूराम जाट, भगवती लाल डांगी, कैलाश कुमारी, कर्मपाल सिंह, मुन्नीलाल, विमलेश मीणा, पवन कुमार, सुमन मीणा, कांस्टेबल चालक ताराचंद मीना, अशोक कुमार वर्मा एवं रामजी लाल मीणा।

## ज्ञान और शक्ति के प्रतीक हैं भगवान परशुराम : शर्मा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को जयपुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जयपुर सेशन कोर्ट के सतीशचंद्र सभागार में दी बार एसोसिएशन जयपुर एवं ब्राह्मण अधिवक्ता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में परशुराम जन्मोत्सव महाआरती एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं और समाजजन ने भाग लिया। इस अवसर पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ज्ञान और शक्ति के अद्वितीय संगम हैं। ज्ञान के बिना शक्ति का अस्तित्व नहीं और शक्ति के बिना ज्ञान असहाय है। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी भगवान परशुराम धर्म संरक्षण और न्याय के प्रतीक हैं तथा उनका जीवन अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और समाजहित में समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। विधायक शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रभु परशुराम का आशीर्वाद समाज में धर्म, न्याय और सद्भाव की स्थापना में मार्गदर्शक बना रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडी शर्मा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सोमेशचंद्र शर्मा, महासचिव उमेश चौधरी, पूर्व अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत, कर्नल राजेश शर्मा, पवन शर्मा, अनिल चतुर्वेदी, प्रमोद गौतम, संजय व्यास, विपुल शर्मा, बिंदिया शर्मा, संगीता शर्मा, डॉ सुमन शर्मा, हेमा तिवारी, शिल्पा शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, सुनील वशिष्ठ, राम मनोहर शर्मा एवं अनुभव शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इसके पश्चात विधायक गोपाल शर्मा ने विद्याधर नगर स्थित परशुराम भवन में ब्राह्मण समाज की ओर से आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित यह शिविर समाजसेवा, संवेदनशीलता और जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप शर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अजय शर्मा, सार्थक फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष भारद्वाज, विप्र सेना युवा जिलाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, प्रवीण व्यास, विक्रम स्वामी, राजीव दोतोलिया, कमलेश शर्मा, सतीश खांडल, आरएस जैमिनी, हीरालाल शर्मा एवं लक्ष्मण गौड़ सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे।

## अंजू शर्मा बनी मिसाल, आरएएस में दोहरी सफलता से बढ़ाया क्षेत्र का मान

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** खेजरोली नगर पालिका क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण तब आया जब अंजू शर्मा पत्नी लालचंद शर्मा ने आरएएस 2024 में 211वीं रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इससे पहले भी उन्होंने आरएएस 2023 में 241वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। लगातार दो वर्षों तक इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता पाना उनके अदम्य आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। वर्तमान में अंजू शर्मा अजमेर में तहसीलदार सेवाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, जहां वे प्रशासनिक कार्यों की बारीकियों को सीख रही हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे खेजरोली क्षेत्र और महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। अंजू शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत जोधपुर में शिक्षा विभाग में लैब असिस्टेंट के रूप में की थी। सीमित संसाधनों और जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने अपने सपनों को कभी कम नहीं होने दिया और निरंतर प्रयास करते हुए आज इस मुकाम तक पहुंची। उनकी सफलता यह साबित करती है कि दृढ़ निश्चय और निरंतर परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। श्री राधास्वामी कॉलेज खेजरोली के निदेशक मोहर सिंह खर्रा प्राचार्य व समस्त स्टाफ ने अंजू शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। सपने वो नहीं जो सोते समय देखे जाते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने नहीं देते। मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे। हर कठिनाई आपको मजबूत बनाने के लिए आती है, हार मानने के लिए नहीं। अंजू शर्मा की यह सफलता हर उस छात्र-छात्रा के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि अगर इरादे मजबूत हो तो सफलता जरूर कदम चूमती है।

## मुहाना फल मंडी में खाद्य सुरक्षा विभाग का निरीक्षण

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को मुहाना फल मंडी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने औचक निरीक्षण किया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। डॉ. मित्तल ने बताया कि फलों को हानिकारक रसायनों से पकाने की रोकथाम के लिए चल रहे विशेष अभियान के तहत मंडी में बड़े व्यापारियों के गोदामों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान राइपनिंग स्टोर रूम्स खुलवाकर वहां उपयोग किए जा रहे रसायनों की जांच की गई। जांच में सभी स्थानों पर इथाइलीन गैस का उपयोग पाया गया, जो प्राकृतिक राइपनिंग एजेंट है और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित माना जाता है। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों से बातचीत में सामने आया कि पूर्व में कार्बाइड से फल पकाने की प्रथा थी, लेकिन अब इसका उपयोग लगभग बंद हो चुका है, क्योंकि इथाइलीन आसानी से उपलब्ध और सस्ता विकल्प है।

टीम ने सभी खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, फलों को ढककर रखने और जमीन से ऊपर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादवए नंदकिशोर कुमावत तथा केंद्रीय दल के विनोद शर्मा और अमित शर्मा शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## सुथार की प्रेरणा से आंगनबाड़ी केंद्र पर कुर्सियां भेंट

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड 21 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मासिक अभिभावक बैठक का आयोजन संदीप सुथार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बेगराज भंवरलाल चौरडिया ट्रस्ट द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर पांच प्लास्टिक कुर्सियां ट्रस्ट के प्रेरक संदीप सुथार द्वारा भेंट की गई।

बैठक में 3 से 6 आयु वर्ग के शाला पूर्व शिक्षा ले रहे पंजीकृत बच्चों को स्कूल बैग भामाशाह द्वारा दिए गए। हाल ही में विभाग द्वारा शुरू की गई न्यूट्री किट योजना में गर्भवती महिलाओं को न्यूट्री किट दिए गए। महिला सुपर वाइजर अनिला शर्मा द्वारा अभिभावकों को सामुदायिक कार्यक्रम जैसे गोद भराई, न्यूट्री किट, अनप्राशन, सुपोषण दिवस, जन स्वास्थ्य संदेश दिवस, आठवा पोषण पखवाड़ा, उड़ान योजना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी जा रही गर्भवती माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना प्रथम प्रसव और दूसरी लड़की पर दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यकर्ता इंदु बाला द्वारा स्कूल पूर्व शिक्षा मतलब ईसीसीई से सभी घरों के बच्चों को अधिक से अधिक आंगनबाड़ी से जोड़ने की समझाइस की गई ताकि बच्चों का स्कूल पूर्व विकास हो सके। आंगनबाड़ी केंद्र पर चल रहे अन्य कार्य जैसे बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के बारे में जानकारी दी गई। संदीप सुथार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर की चारदीवारी पर बच्चों के ज्ञानवर्धक चित्रकारी संबंधित पेंटिंग करवाने का आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर महिला सुपरवाइजर अनिला शर्मा, कार्यकर्ता इंदु बाला शर्मा, सहायिका विमला देवी, आमना बानो, निर्मला देवी, राजू देवी, अनीता, शारदा आदि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय पाटोत्सव आज से

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रीराम मंदिर आदर्श नगर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 71वां स्थापना दिवस (पाटोत्सव) दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। आयोजन श्रीराम मंदिर प्रन्यास सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में किया जा रहा है। महामंत्री अनिल खुराना ने बताया कि इस अवसर पर प्रन्यास के अध्यक्ष हरचरण लेकर एवं उनके परिवार द्वारा बालाजी की प्रतिमा पर पीतल के ध्वजदंड की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार सायं साढ़े 4 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं रामनाम संकीर्तन के साथ होगा, जो पंडित श्रीरामजी महाराज रामायणी के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। दूसरे दिन सोमवार को प्रात: 10 बजे से पंडित बनवारी लाल शर्मा के आचार्यत्व में हवन होगा।

इसके पश्चात 11:15 बजे पीतल के ध्वजदंड का पूजन एवं स्थापना तथा दोपहर 12:15 बजे भगवान की प्राकट्य आरती की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190